हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 28 सितंबर, 2025





न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


# तांदुला व खरखरा जलाशय छलके शिवनाथ महमरा एनीकट 7 फीट ऊपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



पिछले चार दिनों से हो रही बारिश ने इस सीजन में दूसरी बार तांदुला और खरखरा जलाशय को छलका दिया है। तांदुला जलाशय .103 प्रतिशत और खरखरा जलाशय 107 प्रतिशत भर गया है। जिसकी वजह से दोनों जलाशय ऊफान पर है। वहीं शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट 5 फीट ऊपर छलक रहा है। शिवनाथ नदी में मोंगरा जलाशय से 38 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिन तक अचानक तेज बारिश होने का एलर्ट जारी किया है।यानी एक अक्टूबर तक बारिश का सिस्टम बनने लगा है।

## पिछले साल से केवल 2 मिमी औसत बारिश की कमी

हर दिन हो रही बारिश ने दुर्ग जिले में पिछले साल की बारिश के रिकार्ड के करीब आ पहुंचा है। जिले में एक जून से अब तक 935.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। पिछले साल 27 सितंबर तक 973.9 मिमी औसत बारिश हो चुकी थी। यानी केवल 4 मिलीमीटर औसत बारिश की कमी है। जिस हिसाब से आने वाले दिनों में बारिश होने का सिस्टम बन रहा है उससे यह अंतर भी पट सकता है।

## सबसे ज्यादा पाटन में 1295.5 मिमी

जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा 1295.5 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 641.0 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 752.4 मिमी, तहसील अहिवारा में 838.1 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 863.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 871.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 27 सितम्बर को तहसील दुर्ग में 16.3 मिमी, तहसील धमधा में 12.4 मिमी, तहसील पाटन में 28.0 मिमी, तहसील बोरी में 22.4 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 19.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 5.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## इस तरह बन रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक अवदाब दक्षिण तटीय उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा यह पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है । इसके लगातार पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए दक्षिण उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के ऊपर आने के बाद, क्रमिक रूप से कमजोर होने की संभावना है। एक द्रोणिका दक्षिण उड़ीसा के ऊपर स्थित अवदाब से गोवा तक तेलंगाना, उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक होते हुए 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर अंडमान सागर में 30 सितंबर को उभरने की संभावना है । इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर 1 अक्टूबर को बनने की संभावना है।

# ट्रक चालक की गोडाउन में बंद कर जमकर पिटाई, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



ट्रक चालक को अपहरण कर उस पर डीजल चोरी का आरोपी लगाकर गोडाउन में बंद कर पिटाई करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ट्रक मालिक बोरसी, कदमप्लाज़ा, मधुबन नगर दुर्ग निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ विक्रम कुलदीप सिंह ने ही अपने दो साथियों के साथ मिलकर चालक जामुल निवासी रविंद्र यादव के साथ जमकर मारपीट किया। रविन्द्र को ट्रक मालिक और उसके दोस्त एलआईजी 293, हुडको, भिलाई नगर निवासी इरफान अहमद,शीतला पारा, हथखोज मनदीप सिंह और ट्रक मालिक ने पिटाई कर दी। चालक कौनबेरहमी से पीटा और स्कूटी ,मोबाइल छीन लिया। तीनों आरोपियों भिलाई तीन पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। चालक रविंद्र यादव एक माह से ट्रक मालिक विक्रम सिंह का वाहन चला रहा था। 18 सितंबर को असनसोल से चैनल लोड कर भिलाई लौटते समय सिमगा के पास ट्रक का डीजल खत्म हो गया। उसने मालिक को फोन पर सूचना दी। पहुंचने के बाद तीनों ने रविंद्र पर डीजल चोरी का आरोप लगाया और गाली-गलौज करते हुए पीटना शुरू कर दिया।


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

TEAM CREATIVE
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444





02892025-Isp-02_Layout 1 9/28/2025 12:12 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### नागरिक सहकारी बैंक की साधारण सभा बैठक आज

**भिलाई।** प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्या. भिलाई दुर्ग की 30वीं वार्षिक सर्वसाधारण सभा रविवार 28 सितंबर को महाराष्ट्र मण्डल सड़क 3, सेक्टर 4 भिलाई के सभागृह में आयोजित है। बैठक सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्यय, वित्तीय पत्रक, प्रस्तावित लाभ एवं लाभांश वितरण तथा वर्ष 2025-2026 के प्रस्तावित बज़ट के अनुमोदन पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षा अश्विनी नागले ने अंशधारी सदस्यों से सर्व साधारण सभा में उपस्थित होने का निवेदन किया है।

### काली मंदिर कुथरेल में 90 ज्योति कलश स्थापित

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के काली मंदिर कुथरेल में क्वांर नवरात्रि में 90 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। पुजारी गोकुल प्रसाद देशमुख ने बताया कि हर साल की तरह इस साल बढतें क्रम में कलश स्थापित है। ग्राम विनायकपुर में श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण करने 63 ज्योत जंवारा दिए है। हर साल की तरह खिलेंद्र चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, विशेष चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने आईआईटी भिलाई के फेस-2 परियोजना का किया वर्चुअल शिलान्यास

# तकनीकी शिक्षा का विस्तार व नवाचार को मिलेगा बढ़ावा : मंत्री खुशंवत साहेब

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को झारसुगुड़ा उड़ीसा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश के 8 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में विभिन्न अधोसंचरना विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया। जिसमें आईआईटी भिलाई के फेस-2 परियोजना के कार्य भी शामिल है। समारोह का सीधा प्रसारण नालंदा व्याख्यान कक्ष, आईआईटी भिलाई परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसुचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और अहिवारा के विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भी उपस्थित थे। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के लिए यह गौरव की बात है कि देश के 8 आईआईटी में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि देश के साथ प्रदेश में भी तकनीकी शिक्षा का विस्तार होगा जिससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में तकनीकी ज्ञान को प्राथमिकता देते हुए इसके विस्तार हेतु पहल कर रही है। आईआईटी भिलाई में फेस-2 परियोजना पूर्ण होने पर यहां शोधार्थी छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।





### फेस-2 में सुविधाएं बढ़ेगी, 2257 करोड़ से होंगे आईआईटी में काम

आईआईटी भिलाई के निर्देशक प्रो. डॉ. राजीव प्रकाश ने आईआईटी की उपलब्धियों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। फेस-2 निर्माण की आधारशिला रखने के साथ, आईआईटी भिलाई बुनियादी ढांचे के विकास के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है। भारत सरकार ने 29 मई 2025 को फेस-2 के लिए 2,257.55 करोड़ रुपये मंजूर किए, जिसमें से 1092 करोड़ रुपये परिसर निर्माण के लिए हैं। इस परिसर के साथ निर्मित क्षेत्र को अतिरिक्त 1,51,343 वर्ग मीटर तक बढ़ाया जाएगा। यह नए इंजीनियरिंग और विज्ञान विभागों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, आईसीटी सक्षम व्याख्यान कक्षों और उपकरण और प्रोटोटाइप सुविधाओं को जोड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। फेस-2 के दायरे में भवन और सुविधाओं में छात्रावास, मेस हॉल, इनडोर खेल परिसर, ओपन एयर थिएटर, कैंटीन, क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी मैदान, टेनिस कोर्ट, आवासीय भवन और स्वास्थ्य केंद्र और खरीदारी परिसर का विस्तार भी शामिल है। छात्रों की संख्या भी 1500 से बढ़कर 3000 हो जाएगी। फेस-2 के प्रमुख विकासों में से एक परिसर में 96 करोड़ रुपये की लागत से एक अनुसंधान पार्क की स्थापना होगी, जो छत्तीसगढ़ राज्य में पहला होगा। अनुसंधान पार्क का उद्देश्य अकादमिक उद्योग के सहयोग का महत्वपूर्ण लाभ उठाना और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। इस परियोजना को अक्टूबर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### सर्वोच्च जीआरआईएच पुरस्कार

आईआईटी भिलाई के मास्टर प्लान को कई अनुकरणीय प्रदर्शन पुरस्कारों के साथ-साथ लार्ज डेवलपमेंट (एलडी) खंड में पांच सितारा रेटिंग के साथ सर्वोच्च जीआरआईएचए पुरस्कार मिला है। आईआईटी भिलाई ने जीआरआईएचए एलडी रेटिंग और एनएससीआई सुरक्षा पुरस्कार 2021 के तहत पैसिव आर्किटेक्चर डिजाइन और ऊर्जा प्रबंधन जैसे कई अन्य पुरस्कार जीते हैं। भविष्य को लेकर बड़ी प्लानिंग है।

# डोंगरगढ़ से लौट रहे बाइक सवार दो की सड़क हादसे में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

डोंगरगढ़ से मां बमलेश्वरी का दर्शन कर घर लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना ग्राम मून गांव के पास की है।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह कुरूद निवासी सचिन यादव और कृष्णा नगर के अमित कुमार नामक युवक दर्शन करने बाइक से डोंगरगढ़ गए हुए थे। सुबह बाइक से घर लौट रहे थे। तभी ग्राम मुंदगांव के पास तेज रफ्तार सेवा रही पिकअप वाहन से बाइक टकरा गई। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

डोंगरगढ़ पुलिस सीसी कैमरा को खंगालने में जुटी जिन्हें। मृतकों की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद तो रो कर बुरा हाल हुआ। शव को पुलिस पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# गरबा में गंगाजल और तिलक लगाने को लेकर विवाद, प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

गरबा कार्यक्रम में तिलक और गंगाजल छिड़कर लगने को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मामला भिलाई नगर थाना पहुंचाओ घटना में एक युवक को सर पर जोरदार चोट आई है। मिली जानकारी के मुताबिक कल्याण महाविद्यालय में गरबा का कार्यक्रम था। एक पक्ष गर्भ में सारिक होने आने वाले लोगों पर तिलक और गंगा गंगा जल छिड़कर रहे थे। इस दौरान एक युवा के गंगाजल और तिलक लगाने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर जमकर दो पक्षों में विवाद हो गया वहीं युवक साउंड का गाना चेंज करने जा ही रहा था तभी युवक को अकेला पाकर पीछे से लोहे के रात से हमला कर दिया घटना में युवक के सर पर गंभीर चोटे आई है।

खबर लगते ही भिलाई नगर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची मामले को जांच में लिया घायल को अस्पताल उपचार के लिए भेज दिया दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

# दिवंगतों की स्मृति में लगाए पौधे, सहेजने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई



कदम संस्था दुर्ग द्वारा जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और दिवंगतों की स्मृति में पौधरोपण कराते आ रही है। इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को राजेश शर्मा ने अपने पिता की स्मृति में पौधरोपण कर सह्जने का संकल्प लिया। नो जेंडर ओनली हुमन द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को बाइओडिग्रेडेब्ल पाली बैग में बीज रखकर निशुल्क दिए जाते हैं जिन्हे वे घर पाली बैग में मिटटी और खाद भरकर दिए गए बीज को रोपते हैं। हजारो की संख्या में विद्यार्थी अपने विकसित पौधों को लेकर आते हैं जिन्हे कदम संस्था प्रोत्साहन के लिए पुरुस्कृत भी करती है। कुछ पौधो को विद्यार्थी अपने साथ अपने घर ले जाते है और बाकि पौधों को कदम संस्था सरकारी या अर्धसरकारी, गैर सरकारी संस्थाओ को देकर उचित स्थान पर रोपण करने दे दिये जाते हैं ताकि वो पेड़ बन सके।

इसी कड़ी में दुर्ग में प्रथम अंशरोपण शंकर नगर निवासी राजेश शर्मा के स्व मन्नूलाल शर्मा की तेरहवी पर पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर योगेश गनोरे और कदम मित्र माहेश्वरी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### जल संचय जनभागीदारी में दुर्ग जिला की बड़ी उपलब्धिः चंद्राकर



- जनभागीदारी अभियान के तहत 16वें स्थान पर दुर्ग
- बेहतर प्रदर्शन के लिए मिला सम्मान

**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ एवं सभी संबंधित सदस्यों ने क्षेत्र में जल संरक्षण एवं जल संचय से संबंधित कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके परिणामस्वरूप पूरे देश में जेएसजेबी जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत छत्तीसगढ़ जोन वाइज दुर्ग जिला को 16वां स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर विधायक ललित चंद्राकर ने जिला पंचायत सीईओ एवं अधिकारी कर्मचारी व सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस उपलब्धि पर विधायक ललित चंद्राकर ने जिला पंचायत सीईओ एवं अधिकारी कर्मचारी व सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उन्हें इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# हेमचंद यादव विवि को राज्य स्तरीय मिले पांच पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

- एनएसएस के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्थापना दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने उपलब्धि अर्जित करते हुए पाँच पुरस्कार प्राप्त किए।



स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, ने यह पुरस्कार महाविद्यालय, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, टंकराम वर्मा, मंत्री उच्च शिक्षा विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, संसदीय कार्य छत्तीसगढ़ शासन ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. टोपलाल वर्मा वरिष्ठ प्राध्यापक एवं डॉ. अशोक कुमार श्रोती, उपकार्यक्रम सलाहकार एवं रासेया क्षेत्रीय निर्देशक, भोपाल (म.प्र.) उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्थापना दिवस में महाविद्यालय स्तर पर शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई की काजल निषाद एवं शासकीय रानी रश्मि देवी महाविद्यालय, खैरागढ़ के टिकेंद्र वर्मा को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक के सम्मान से नवाजा गया। इसी प्रकार विद्यालय स्तर पर राजेंद्र भंडारी को सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी तथा ज्ञान ज्योति स्कूल के चित्रांशु साहू को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का सम्मान प्राप्त हुआ। यह सम्मान संस्था को समाजसेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता अभियान, रक्तदान शिविर, जनजागरूकता रैलियों तथा विविध रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृश्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार तिवारी ने महाविद्यालयों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल, राजेन्द्र चैहान, खेल संचालक, डॉ. दिनेश कुमार नामदेव, वित्त अधिकारी ममता अवस्थी, सहायक कुलसचिव, हिमांशु शेखर मंडावी, दिग्विजय कुमार ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले महाविद्यालयों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# पुरस्कार केवल आर्थिक सहयोग नहीं है बल्कि एक उज्ज्वल प्रकाशस्तंभ है : पवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

सेल-बीएसपी के शिक्षा विभाग को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में ठेका कार्मिकों के बच्चों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए "प्रोत्साहन-प्रतिभा सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। विशिष्ट अतिथियों में मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक शिखा दुबे महाप्रबंधक एबी श्रीनिवास उपस्थित थे। समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही सेफी चेयरमेन एवं ओए-बीएसपी के अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित यूनियन प्रतिनिधि, एससी-एसटी एसोसिएशन, डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के पदाधिकारी, मीडिया कर्मी, पुरस्कार विजेता विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि यह पुरस्कार केवल आर्थिक सहयोग नहीं है, बल्कि एक उज्ज्वल प्रकाशस्तंभ हैं, जो विद्यार्थियों को अपनी उपलब्धियों से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि ये सम्मान उत्कृष्टता की मशाल को प्रज्वलित रखते हुए विद्यार्थियों को अद्वितीय सफलता और विशिष्टता की ओर अग्रसर करते हैं।




- प्रोत्साहन-प्रतिभा मेरिट अवार्ड समारोह में ठेका कार्मिकों के बच्चों की मेधा का हुआ सम्मान

### 172 विद्यार्थियों को मिला 13.34 लाख रुपए

सत्र 2023-24 में कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं में 50 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 5000 रुपये, 8000 रुपये और 10000 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। इस वर्ष कुल 235 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें खदान क्षेत्रों के 4 आवेदक भी शामिल थे। प्राप्त आवेदनों से इस वर्ष कुल 172 विद्यार्थियों को 13 लाख 34 हजार रुपये की राशि वितरित की गई। इनमें कक्षा 8वीं के 54, कक्षा 10वीं के 58 और कक्षा 12वीं के 60 विद्यार्थी शामिल रहे। महाप्रबंधक शिखा दुबे ने "प्रोत्साहन योजना" की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह योजना उन ठेका कार्मिकों के बच्चों के लिए प्रारंभ की गई थी, जिन्होंने बीते दो वर्षों में कम से कम तीन माह की अवधि भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्य किया है। कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है।

### मंदिर परिसर में किया श्रमदान

**अंडा।** ग्राम पंचायत ओटेबंद मंदिर परिसर में एक दिन एक घंटा एक जगह श्रमदान किया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, ओटेबंद मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेंद्र जांगड़े, बी पी एम संत राम हिड़को, ब्लॉक समन्वयक दीनबंधु देशमुख, संकुल समन्वयक विरेंद्र कुमार निषाद, दिल्लीवार , सरपंच ग्राम पंचायत ओटेबंद जीवन लाल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा सरस्वती चन्द्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत डौकीडीह लक्ष्मी ठाकुर , सचिव गोरकापार छत्रपाल चन्द्राकर , ओटेबंद राधेचरण यादव, सिरसिदा मोतीलाल साहू, डौकीडीह नकुल सोनकर, रोजगार सहायक, पंच स्वच्छताग्राही, बिहान समुह, ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे। इस दौरान लोगों को श्रमदान के लिए जागरूक किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव उन्मेश 2025 में दीनदयाल ने किया छत्तीसगढ़ी में वाचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

- 24 भाषाओं सहित 70 आदिवासी जातियों के लेखक हुए शामिल

साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव उन्मेश 2025 का आयोजन 25 सितम्बर से 28 सितम्बर तक रविन्द्र भवन पटना में आयोजित की गई है। जिसमें 24 भाषाओं के अलावा 70 आदिवासी जातियों के लेखक भी शामिल हुए। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ी कहानी वाचन के लिए भिलाई नगर निवासी साहित्यकार व संपादक दीनदयाल साहू उपस्थित थे।

यह आयोजन भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय और बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। कार्यक्रम में अतिथि




के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति चंद्रपुरम पोन्नूसामी राधाकृष्णन और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, भारत में स्पेन के राजदूत जुआन एंटोनियो, भारत में बुलगारिया के राजदूत निकोल यांकोव, बांग्ला देश के राजदूत एम रियाज हमीदुल्लाह शामिल हुए। सभी अतिथियों ने साहित्य जगत के लिए इस आयोजन को समृद्ध साहित्य की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। इस तीन दिवसीय आयोजन में देश विदेश के कथाकार, उपन्यासकार, शोधार्थी और साहित्य जगत से जुड़ी प्रतिभाओ को आमंत्रित किया गया था। कई सत्रों में होने वाले इस कार्यक्रम में 24 भाषाओं के अलावा 70 आदिवासी जातियों के लेखक भी शामिल हुए। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ी कहानी वाचन के लिए भिलाई नगर निवासी साहित्यकार व संपादक दीनदयाल साहू आमंत्रित किए गए थे। पूरे कार्यक्रम को विधिवत संचालन करने में साहित्य अकादमी के अधिकारी कर्मचारी लगे रहे। कार्यक्रम में माधव कौशिक अध्यक्ष साहित्य अकादमी और प्रो. कुमुद शर्मा उपाध्यक्ष सचिव साहित्य अकादमी उपस्थित थे।

# चुनरी यात्रा के दौरान मारपीट चाकूबाजी के बाद आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

- छावनी थाना अंतर्गत चटाई क्वार्टर कैंप-2 की घटना

चुनरी यात्रा के दौरान युवकों से मारपीट, चाकूबाजी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलने पर छावनी पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

मिली जानकारी के मुताबिक चटाई क्वार्टर कैंप-2 से शीतला मार्केट दुर्गोत्सव के दौरान माता अम्बे की चुनरी यात्रा निकल रही थी। तभी रात 9 बजे कुछ धर्म विशेष के लोगों की अन्य युवकों से विवाद हो गया। भीड़ को देख विवाद बढ़ गया। तभी कुछ युवकों ने अपने पास रखे चाकू को निकालकर जमकर हमला कर दिया। खबर लिखे जाने पर घटना में कितने घायल है। चाकू मारने वाले कौन है इसे लेकर छावनी पुलिस खोजबीन करने में जुटी हुई है। घटना को लेकर आसपास के लोगों द्वारा जमकर विरोध कर भीड़ छावनी थाने पहुंची। जहां भीड़ को पुलिस समझाईश देकर माहौल शांत करने का प्रयास कर रही है। लेकिन हमला करने वाले आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ पाने से माहौल काफी गरमा गया है। इसके कारण पुलिस के खिलाफ भी प्रदर्शनकारी नारेबाजी कर रहे है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों ने मामले में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत का परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण के आधार पर अपराध दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी जा रही है। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### ई-0 से लेकर ई-5 स्तर के 110 से ज्यादा फ्रंटलाइन अफसर हुए शामिल

# निदेशक प्रभारी ने फ्रंटलाइन के साथ किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में फ्रंटलाइन अधिकारियों और निदेशक प्रभारी के बीच सीधे संवाद और सुझाव साझा करने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष संवाद नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शेपिंग ग्रोथ थ्रू डायरेक्ट कम्युनिकेशन शीर्षक के अंतर्गत भिलाई निवास में यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर ई-0 से लेकर ई-5 स्तर के लगभग 110 फ्रंटलाइन अधिकारियों ने भाग लिया। संयंत्र की प्रगति, कार्यप्रणालियों और चुनौतियों पर खुले विचारों का आदान-प्रदान किया।

संवाद सत्र में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने उपस्थित अधिकारियों से संवाद कर उनकी कार्यस्थल चुनौतियों सम्बंधित सुझावों और अपेक्षाओं को सुना। चर्चाओं में सहयोग की भावना को मजबूत बनाने, साथ ही प्रदर्शन सुधार हेतु व्यावहारिक कदमों की पहचान जैसे विषय भी प्रमुख रहे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम भी उपस्थित रहे।



शालिनी चौरसिया ने संयंत्र की उत्पादन उपलब्धियों, वर्तमान परिदृश्य और चुनौतियों पर प्रस्तुति से हुई। इसके उपरान्त प्रवीण निगम ने संयंत्र की वित्तीय स्थिति, उत्पादन पर लागत कारकों के प्रभाव, लाभप्रदता बढ़ाने की रणनीतियों और भावी योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कहा कि यह मंच आपसी विश्वास, जुड़ाव और परस्पर सम्मान को मजबूत करता है। प्रत्यक्ष संवाद जैसी पहल न केवल समस्याओं के समाधान को आसान बनाती हैं बल्कि साझा दृष्टि के निर्माण और संगठनात्मक प्रगति के लिए सभी को प्रेरित भी करती हैं। उन्होंने इस पहल को समावेशी संस्कृति की दिशा में सार्थक कदम बताया। चित्त रंजन महापात्र ने अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी और उनके सार्थक सुझावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत विचार व्यावहारिक और लागू करने योग्य हैं। उन्होंने सभी को शिकायत से परे परिवर्तनकारी सोच अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहाहमें अपने दृष्टिकोण को बदलते हुए संगठन में वही परिवर्तन लाना होगा, जिसकी अपेक्षा हम करते हैं। अधिकारी अमूल्य प्रियदर्शी ने स्वागत भाषण देते हुए इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला व सत्र की समाप्ती पर धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया।

## खबर संक्षेप

### सरोजिनी नगर में सड़क निर्माण शुरू, भूमिपूजन



**उतई।** ग्राम पंचायत धनोरा के सरोजिनी नगर में सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि -पूजन किया गया। जिसमे मुख्यमंत्री समग्र विकास प्राधिकरण से निर्माण कार्य होगा।जिसकी लागत राशि सात लाख 80 हजार है। इस अवसर पर सरपंच रूलेश्वरी बंजारे, चंद्रशेखर बंजारे, सरपंच संगीता सप्रे, मनेश कुमार साहू, भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, वार्ड पंच रामप्यारी ठाकुर, कौशल्या सेन, उषा साहू, लिलेश्वरी साहू, रेखा टंडन, सीमा मधुकर, दिनेश कुमार साहू, मोतीलाल साहू, चेतन साहू, उमेश कुमार, साहू, जितेंद्र ठाकुर, गजेंद्र गौतम, दिनेश कुमार साहू और मनेश कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

### छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल



**कुम्हारी।** शासकीय कन्या हाई स्कूल , बाजार चौक कुम्हारी में छात्राओं को निःशुल्क मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल शासकीय योजना का लाभ मिला। जिसमें कक्षा 9 वी की 35 छात्राओं को साइकिल दी गई। इस दौरान नगर पालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष मीना वर्मा, शाला विकास समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा और सदस्य रविन्द्र कुमार थापा, योगिता वर्मा, रामकुमार सोनी, फिंगेश्वर साहू, गोविन्द बघेल, साधना,शाला प्राचार्या आसिमा मंडी,संकुल समन्वयक अजय सिंह राजपूत संकुल केंद्र कुम्हारी उपस्थित थे।

## निधन

### उमा देवी उपाध्याय



**भिलाई।** विवेकानंद कॉलोनी वैशालीनगर निवासी उमा देवी उपाध्याय (73 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। वे संगम डेयरी सेक्टर 6 के संचालक गजराज उपाध्याय की धर्मपत्नी थीं। उनका अंतिम संस्कार दोपहर में रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय उपाध्याय पिंटू, अमित उपाध्याय की मां, ओमप्रकाश उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय, संजीव उपाध्याय की चाची थी।

### शोभना आनंदपरा



**भिलाई।** हुडको निवासी शोभना आनंदपरा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 सितम्बर, रविवार को सुबह 10:30 बजे उनके निवास शॉप नंबर 4 बालाजी स्टेशनरी, ए मार्केट हुडको से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रशांत एवं सुधीर आनंदपरा की मां थीं।

### शिक्षा में संस्कार के योगदान पर परिचर्चा का आयोजन

# अब बेटा पढ़ाओ अभियान चलाना होगा युद्ध स्तर पर

**शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में पहल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में शिक्षा में संस्कार का योगदान पर परिचर्चा बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियो में शिक्षा के प्रति अरुचि संस्कार के अभाव को दर्शाती है।

जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला ने कहा कि बेटी पढ़ाओ अभियान में शासन ने कीर्तिमान सफलता हासिल की लेकिन अब शासन को बेटा पढ़ाओ अभियान युद्ध स्तर पर चलाना होगा। अन्यथा बालक बालिका में शिक्षा का स्तर अनुपात में कुआं और खाई जितना अंतर होने लगेगा। जनभागीदारी समिति पूर्व अध्यक्ष सदस्य सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि संस्कार के अभाव में संतान में भटकाव पैदा हुआ है। जनभागीदारी सदस्य सशिमं व्यवस्थापक आसकरण जैन ने कहा कि जब तक समाज के विकास में निस्वार्थ सेवा देने वालों की संख्या नहीं बढ़ेगी उन्नत संस्कार के बारे में सोचना बेमानी है। इस दौरान प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने नवीन शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों की प्रगति पोषक विद्यालय के माध्यम से किए गए प्रयासों को साझा किये। डॉ आबिद हसन खान ने गत सत्र में आयोजित बैठक के बिंदुओं और वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। सदस्यों ने विकसित भारत स्पर्धा चार्ट का अवलोकन भी किया। बैठक में शहीद डोमेश्वर साहू की प्रतिमा के लिए भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। इस दौरान सदस्य लालेश्वर साहू, पूर्णेंद्र सिन्हा,लालजी डहरे, जयप्रकाश चंद्राकर, तेजेंद्र पिपरिया, भोज साहू,नरेंद्र धरमगुड़ी, नीताकुंभारे , चेतना सोनी और डॉ संतोष पांडे उपस्थित थे।

## हेरोइन के साथ सात युवक पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लंबे समय से हेरोइन (चिट्टा) का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि घटना में पांच आरोपियों से मोबाइल भी बरामद की गई है। आरोपियों में श्रमिक नगर छावनी निवासी हरीश कुमार सोनी,हाउसिंग बोर्ड प्रशांत मसीह, अब्दुल ईरफान, अबदुल समीर भिलाई नगर सौरभ शर्मा,सेक्टर 01 भिलाई निहाल राय, सेक्टर वन पी. तुलसा राव है। पुलिस ने अभी तक मामले 15 आरोपी पुलिस पकड़ने आ चुके है। आरोपिगण एक दुसरे से वाट्सअप कॉल के माध्यम से सम्पर्क कर आपस में नशे की लेन देन की रकम सुविधानुसार नगद व ऑनलाईन ट्रांसफर करते थे। मामले में मोहन नगर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## मजदूर कांग्रेस की बैठक में रोजगार और कृषि से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस छत्तीसगढ़ जिला दुर्ग की बैठक चंदखुरी मे आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष बेनूराम साहू की अध्यक्षता मे हुए कार्यक्रम में जितेन्द्र यादव ने स्वागत भाषण दिया। नोहरसिंह गजेन्द्र ने बैठक मे चर्चा के विषयो पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान वक्ताओं ने युवाओं के लिए रोजगार, कृषि उपज के मूल्य निर्धारण कृषको द्वारा किया जाने, मनरेगा, बिजली की बढी दर के कारण किसानों एवं उपभोक्ताओं को आ रही परेशानियों, भ्रष्टाचार और शराब बंदी जैसे मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में जितेन्द्र यादव को दुर्ग ग्रामीण का अध्यक्ष, राजू निर्मलकर को महामंत्री, एवं राकेश गायकवाड़, सोयेल खान और पुष्पकांत चंद्राकर को सचिव नियुक्त किया गया। उसीप्रकार रायपुर जिला के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लिए रंगुलाल धींवर को अध्यक्ष एवं महेन्द्र कुमार साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक मे निकहत खान प्रदेश सचिव, भरत दास मानिकपुरी प्रवक्ता, भुवन साहू, अशोक देवांगन, भरत चंद्राकर,खिलावन यादव, राजेश निर्मलकर, राम भरोसा ठेठवार सहित अनेक लोगो की गरिमामयी उपस्थिति रही। जितेन्द्र यादव ने संचालन एवं राजू निर्मलकर ने आभार व्यक्त किया।

■ कार्यकारिणी का गठन कर दी जवाबदारी

### बुजुर्ग को धमकी देकर केयर टेकर ने 15 लाख वसूले, गिरफ्तार

**भिलाई।** डरा धमका कर बुजुर्ग के साथ रकम वसूलीबकरणी वाली नौकरानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बुजुर्ग को बलात्कार एवं नाबालिक बेटी के साथ छेडछाड की झूठी शिकायत करने की धमकी देती थी। रेलवे से सेवानिवृत्त होने पर बुजुर्ग ने पत्नी की मौत के बड़बकेर टेकर के रूप में एक महिला को प्रतिमाह 10हजार रुपए में काम पर रखा था। पीड़ित वार्ड 24 बीएमवाई चरोदा भिलाई तीन का रहने वाला है। लगभग तीन-चार वर्ष बाद आरोपिया घर के काम में कोताही बरतने लगी। खाना पकाने को लेकर कुछ खाने और बुजुर्ग से विवाद करती थी। बुजुर्ग को महिला बलात्कार की झूठी शिकायत पुलिस में दर्ज करने की धमकी दिया करती थी। जिसे लेकर बुजुर्ग डरा रहता था। चेक के माध्यम तीन लाख, सात लाख रुपये और पाँच लाख रुपये महिला आरोपियों को दिया। पुलिस में शिकायतनकेबाद महिला को पकड़कर पूछताछ करना शुरू किया। तब आरोपियों ने पुलिस को बताया कि बुजुर्ग से डरकर करीब 15 लख रुपए लेना स्वीकार की।

### म्यूल एकाउंट का उपयोग तीन को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** म्यूल एकाउंट का उपयोग करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी गनेश्वर दास मानिकपुरी, एलआईजी 20/16 जवाहर नगर सुपेला अमनदीप सिंह, चिंगरीपारा नेहरू भवन सुपेला विवेक अवचट को पकड़ा गया है। समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त म्यूल एकाउंट की जानकारी मिलने पर एसीसीयू एवं सुपेला पुलिस की संयुक्त टीम ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा सुपेला पहुंची।जहां से आरोपी बैक खाता धारक गनेश्वर दास मानिकपुरी के द्वारा बैंक आफ इंडिया शांखा सुपेला में उक्त खाता खुलवाकर खाता में ऑन लाईन ठगी की रकम प्राप्त कर अपने खाता का दुरुपयोगकिया। आरोपी ने 99,794 रू को ऑनलाइन ठगी का रकम खाता में जमा किया। आरोपी ने खाते में अब तक 4.36 लाख,98 हजार रुपए जमा किया था।

## बिजनेस साइट

### कमला मोटर्स में हार्वेस्टिंग यंत्र की डिलीवरी



**भिलाई।** शनिवार को शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि पर माँ दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की आराधना पूरे देशभर में की जा रही है। स्कंदमाता की पूजा विशेषकर वाहन और संतान सुख की प्राप्ति के लिए की जाती है। यह संयोग और भी शुभ बन गया जब आज के पावन दिन पर कमला मोटर्स में यंत्र की डिलीवरी संपन्न हुई। माँ स्कंदमाता का आशीर्वाद इस मशीन की हर कटाई में सुरक्षा, समृद्धि और सफलता प्रदान करें। बाजार में अनेक प्रकार की अनेक कंपनियों की हरवेस्टिंग मशीन मिलती है लेकिन जो मल्हार कोटला की केएस एग्रीकल्चर की मशीन है क्रॉप मास्टर 9300 में जो छत्तीसगढ़ के किसानों में विश्वास बैठाया है वह अपने आप में अतुलनिय है। केएस एग्रीकल्चर की क्रॉप मास्टर 9300 लेने के लिए किसान कतार में हमेशा अपना नंबर आने के लिए व्याकुल रहते हैं। मशीन की डिलीवरी प्रदान करते हुए वर्धमान बीज भंडार के संचालक गुलाबचंद लूनिया कवर्धा निवासी कमला मोटर्स के सह संचालक एसीएमए पद्मेश जैन, सेल्स प्रमोटर सत्य लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक एवं पुजारी खेमचंद गुप्ता, अभियंता किशोर निषाद, बरमेचा एलीवेटर के निरीक्षक अजय चौधरी, मशीन ग्रहण करते हुए धनयु निषाद, मनीष निषाद, प्रशांत निषाद, हरिराम संजू निषाद, रमेश निषाद, संतोष यादव, संतोष बारले, आनंद निषाद, धरमु निषाद, दीपक निषाद, अरविंद निषाद आदि मौजूद थे।

### जुआ खेलते पकड़ाया

**भिलाई।** मीना बाजार में लूडो से जुआं खिलाते जुआरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया हुआ। डीएसपी अलेक्जेंडर किरो ने बताया कि दुर्गा उत्सव आयोजन स्थल पर लूडो में हुआ खेलते गोडखामी थाना लोरमी जिला मुंगेली निवासी संजय खूटे को गिरफ्तार किया है। आरोपी से नगद एक हजार पांच से मिला है। घटना नंदिनी कभी। मुखबिर ने पुलिस को सूचना दिया था कि लाल मैदान अहिवारा के पास मीना बाजार में लुक छिप कर एक व्यक्ति लूडो से अंकों के सामने रूपये पैसो का दाव लगाकर जुआं खिला रहा है । घेराबंदी कर मौके पर आरोपियों को पकड़ा गया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### दाऊ उत्तम साव पुण्य तिथि संस्मरण आज

**अंडा।** तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के कार्यालय भवन में श्रीकृष्ण माता कर्मा मूर्ति का प्राणप्रतिष्ठा व कमला सदन का लोकार्पण एवं दाऊ उत्तम साव पुण्य तिथि संस्मरण का आयोजन 28 सितंबर रविवार को सुबह 09:30 बजे से रखा गया है। जिसमें कलश यात्रा,10:30 बजे प्राणप्रतिष्ठा प्रारंभ,अतिथियों का आगमन दोपहर 1 बजे स्थान-तहसील साहू संघ कोनारी में होगा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृह मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ ताम्रध्वज साहू होंगे। अध्यक्षता.अध्यक्ष साहू संघ डॉ. नीरेन्द्र साहू करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### रमेश चौहान मां नारायणी सेन समाज के अध्यक्ष व विकास सेन सचिव बने

**दुर्ग।** मां नारायणी सेन समाज दुर्ग की बैठक श्रीकृष्ण भवन शक्तिचौरा में हुई। बैठक में रमेश चौहान की अध्यक्षता में नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें तेजपाल सेन को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष मोहन लाल चौहान भिलाई), कमल धांधल, धरमचंद टांक, सचिव विकास सेन(कानू), सहसचिव मनीष सेन,दिनेश जी सेन (झबरू), कोषाध्यक्ष रितेश सेन और प्रचार मंत्री लालचंद सेन,भवानी शंकर चौहान भिलाई, भव्य सेन (रिसाली नियुक्त किए गए। अध्यक्ष रमेश चौहान ने कार्यकारिणी की भी घोषणा की। जिसमें संयोजक विमल सेन,प्रमुख सलाहकार शिव लाल टांक, दीपचंद मोयल भिलाई, ईश्वर पीडीयार और रवि पीडीयार बनाए गए। इस अवसर पर आईदान सेन, आशीष पवार,प्रकाश सेन, योगेश पीडीयार, जतिन सेन, लाली सेन, हरिश सेन, विजय सेन, भावेश सेन, मनोज सेन, पंकज सेन, सोनल सेन, विकास शिवलाल सेन, गोविंद सेन, अनीश सेन शामिल थे।

**उपेक्षा से बढ़ी नाराजगी, 10 से ज्यादा वरिष्ठों को मौका नहीं**

# बीजेपी जिला संगठन की विनोद व दिलीप बने महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बीजेपी दुर्ग जिला संगठन की कार्यकारिणी को घोषणा देर रात कर दी गई है। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने वरिष्ठ नेताओं के सलाह मशवरा करने के बाद अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। कार्यकारिणी में विनोद अरोरा और दिलीप साहू को महामंत्री बनाया गया है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, हर्षा चंद्राकर, सरिता मिश्रा, मनोज सोनी, राजीव पांडेय, अशोक राठी को नियुक्त किया गया है। मंत्री की जिम्मेदारी गिरेश साहू, शैलेंद्र शेंडे, गायत्री वर्मा, हिमा साहू, शैलेंद्री मंडावी, नवीन पवार को दी गई है। कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सेन, सहकोषाध्यक्ष ध्रुव सचदेव, कार्यालय मंत्री आसिफ अली और राहुल पंडित को बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की अनुमति से यह घोषणा की गई है। नियुक्ति के बाद खुलकर विरोध सामने आने लगा है। कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय को लेकर जमकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि बड़े नेता हमेशा यह कहते हैं कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्हें मौका दिया जाएगा, लेकिन कार्यकारिणी में ऐसा नहीं दिख रहा।




### भिलाई जिला में तीन विस के लिए बीएलए नियुक्ति

इधर भिलाई जिला संगठन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने तीन विधानसभा के बीएलए की नियुक्ति कर दी है। आगामी दिनों में होने वाले निकाय चुनाव को देखते हुए यह नियुक्ति की गई है। इसमें अहिवारा से प्रेमलाल साहू, वैशालीनगर से मनोज तिवारी, भिलाईनगर से मदन सेन को बीएलए बनाया गया है। उन्हें पार्टी हाईकमान के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने की हिदायत दी गई है। खबर है कि आगामी दिनों में एक बड़े कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे।

### इन वरिष्ठजनों को कार्यकारिणी में नहीं मिली जगह

जिन वरिष्ठजनों को कार्यकारिणी में जगह नहीं मिली, उनमें सबसे बड़ा नाम संतोष सोनी का है, जो पिछले लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। कई बड़े और जिम्मेदार पदों में रह चुके हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी हैं। इसके अलावा पूर्व सभापति, प्रवक्ता, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे दिनेश देवांगन, सतीश समर्थ, मनोज अग्रवाल, नरेश तेजवानी, कांतिलाल जैन, मनोज मिश्रा, दीपक चोपड़ा, आशीष निमजे, अरविंदर खुराना, विनायक नातू, शिव चंद्राकर जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। ये ऐसे कार्यकर्ता है, जिन्हें हमेशा से पार्टी के प्रति समर्पित और कर्मठ माना जाता है।

## अंचल की खबरें

### पंचमी में किया मां महामाया माता का श्रृंगार



**कुम्हारी ।** नगर में स्थित प्राचीन मां महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर माता रानी का दरबार मनोकामता ज्योति से जगमगा उठा है। प्रतिदिन भक्त प्रातःकाल से ही माता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर धरती फोड़ विराजमान हुई मां महामाया माता के दर्शन कर रहे है और अपनी मनोकामना पूर्ण करने आशीर्वाद मांग रहे है। आस्था के प्रतीक मां महामाया माता के दरबार मे शारदीय नवरात्र के प्रत्येक दिनों में मंदिर प्रांगण में जसगीत, माता की विशेष आरती, प्रसाद वितरण सहित विविध कार्यक्रम संचालित हो रहे है। वहीं भक्तों द्वारा 25 सौ मनोकामना के ज्योति प्रज्वलित किये गए हैं। शीतला मंदिर में 141 ज्योत प्रज्वलित किया गया है। यहां 30 सितंबर मंगलवार को महाष्टमी हवन एवं भोग वितरण किया जाएगा वहीं 1 अक्टूबर बुधवार को नवमीं तिथि पर जंवारा विसर्जन एवं 2 अक्टूबर को विजय दसमीं दशहरा का आयोजन रखा गया है। माँ महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने यह जानकारी दी।

### निकुम में मनाई उपाध्याय जयंती



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के निकुम में पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम अतिथि सुरेश कुमार साहू अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय , पवन देवांगन बूथ अध्यक्ष , गौरी यादव बूथ अध्यक्ष ,तुलेश साहू जीवनदीप सदस्य , रोशन लाल देशमुख, भूषण लाल ढीमर , ढाल सिंह सारथी व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हिंदी पखवाड़े में हुई विविध प्रतियोगिताएं




**उतई।** केंद्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ उतई भिलाई में हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्य भुवनेश्वरी थीं। हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विविध विधाओं की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण, कविता-लेखन, नारा लेखन, सुलेख, चित्रकला प्रतियोगिता तथा पुस्तक प्रदर्शनी एवं समीक्षा जैसे कार्यक्रम हुए। इस कार्यक्रम के संयोजक अनिल कुमार शर्मा थे। धन्यवाद ज्ञापन रीना साहू ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रूना चौधरी, गीतू, सुनीता गावांडे , सोमा शील गुहा, शैलेश बेंजामिन, ए. बी सिंह, डॉ पंकज शुक्ला, रीना साहू, डी. के. ठाकुर रीना साहू, डी. ए. गिरिया, उमेश कुमार संत, माधुरी, आशीष मयंक कुमार मिश्रा, कल्पना शर्मा, सीमा विश्वकर्मा, राजन शर्मा, सुश्री जानकी सिन्हा, सुश्री श्वेता भट्ट,ममता साहू,श्री चंद्रकांत साहू उपस्थित थे।

### बाबा दरबार धनोरा में मनाई पंचमी



**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 27 सितंबर शनिवार को पंचमी पर्व मनाई गई। यहां सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों के द्वारा माता की पूजा पाठ करके खीर पुड़ी एवं चना की सब्जी का चढ़ावा चढ़ाया गया। रात्रि 8 बजे नंद पंडा भोलू मनोज पटेल के द्वारा माता रानी का विशेष श्रृंगार करने के पश्चात आरती की गई। जिसमें सभी माताएं बहनें अपने अपने घरो से आरती की थाल सजाकर लाकर 108 दीपक से माता रानी की आरती की। बाबा दरबार में इस बार ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण की ओर से भी ज्योति प्रज्वलित हुई है। विधायक दुर्ग ग्रामीण ने ज्योति कलश दर्शन करने ग्राम धनोरा के सरपंच रूलेशवरी बंजारे ,चन्द्रशेखर बंजारे , वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच वाड नं 1 के पंच ममता साहू के साथ बाबा दरबार में ज्योति कलश दर्शन कर के माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त किया। दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा ,विनोद साहू , गुलाब साहू ,भोलू साहू, खिलेश्वर साहू , बबिता साहू ,लक्ष्मी साहू ,कौशिल्या सेन, रुखमणि साहू ,पार्वती मंडलिन ,प्रभा साहू ,देवश्री, अंजु देवांगन , पुजा साहू , सुरूचि ,नेहा साहू और वेदू साहू आदि भक्त गण मौजूद थे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

प्रवेश प्रारंभ
SHRI SAI COLLEGE
सीमित सीट/न्यूनतम फीस
• D.Pharma
• B.Ed. • ITI Electrician*
• ITI (Computer/COPA)
• ITI (Health Inspector)
• ITI Data Entry Operator*
OBC/SC/ST/ अल्पसंख्यकों को शासन की छात्रवृत्ति
श्री साईं कॉलेज
श्री साईं फार्मेसी कॉलेज
श्री साईं आईटीआई
पथरिया रोड, नंदिनी- अहिवारा, दुर्ग
Contact : 70241-38402

# एलन कॅरियर कराएगा नीट और जेईई की तैयारी, स्कॉलशिप के लिए 12 को एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ट्विनसिटी के स्टूडेंट्स के लिए एक अच्छी खबर है। अब यहं भी एलन कॉरियर इंस्टीट्यूट के एक्सपर्ट्स की सुविधा शुरू हो चुकी है। शनिवार को इसका नया सेंटर भिलाई में लॉन्च हुआ। इस सेंटर के माध्यम से स्टूडेंट्स नीट, जेईई जैसे एग्जाम की तैयारी कर सकते हैं। सेंटर के एक्सपर्ट्स उन्हें एग्जाम की बारीकियां बताएंगे। बिलासपुर और रायपुर के बाद भिलाई में यह सेंटर शुरू की गई है। देश में मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ साइंस ओलंपियाड की तैयारियों के लिए ख्याति प्राप्त एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की भिलाई में शुरुआत से स्थानीय अभिभावकों व विद्यार्थियों में उत्साह है। एलन भिलाई में वर्ष 2026-27 के नीट व जेईई के कोर्सेज के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षाएं जनवरी माह से शुरू होंगी। उद्घाटन समारोह में जोनल हैड एवं वाइस प्रेसिडेंट आशुतोष हिसारिया मुख्य अतिथि रहे। इसके साथ ही एलन रायपुर के सेंटर हैड कुणाल सिंह एवं एलन कोटा के एक्सपर्ट फैकल्टीज एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## बिलासपुर-रायपुर के बाद अब भिलाई में संस्थान स्टूडेंट्स को बनाएगा एक्सपर्ट, सेंटर किया लॉन्च

### पोस्टर का किया गया विमोचन, स्टूडेंट्स का सपना होगा साकार

समारोह में स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आशुतोष हिसारिया ने बताया कि अब भिलाई के स्टूडेंट्स को डॉक्टर व इंजीनियर बनने का सपना साकार होगा। अब छात्रों को किसी दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। यहां की प्रतिभाओं को यहीं संबल मिलेगा और वो आगे बढ़ेंगे। एलन भिलाई में कोटा जैसी श्रेष्ठ शिक्षा और श्रेष्ठ माहौल देकर विद्यार्थियों के कॅरियर को नई दिशा देगा।




### कोटा जैसी एजुकेशन अब भिलाई में भी होगी उपलब्ध

भिलाई में चंद्रा मौर्या चौक पर लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर के पीछे स्थित चौहान एस्टेट कैम्पस में पढ़ाई होगी। एलन रायपुर सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि स्टूडेंट्स एलन टैलेंटेक्स एग्जाम में शामिल होकर एलन फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। यह परीक्षा आगामी 12 अक्टूबर को होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। अब स्टूडेंट्स एलन भिलाई से नीट-जेईई परीक्षा में भिलाई में रहकर ही राष्ट्रीय स्तर के परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप



दुर्ग। जय मां शीतला शारदा उत्सव समिति रसमड़ा टेड़ेसरा।

### गर्ल्स कॉलेज में मतदाता जागरुकता का आयोजन



दुर्ग। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी छात्राओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एल.ओ. श्रेयश ताम्रकार द्वारा छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, एप के माध्यम से एवं ऑफलाइन प्रक्रिया द्वारा छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की विधिवत प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया गया। इस दौरान फॉर्म संख्या 6 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक, कैम्पस एम्बेसडर कु. चंचल यादव तथा कु. ट्विंकल साहू की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने छात्राओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एव जागरूक मतदान के लिए प्रेरित किया तथा आभार व्यक्त किया।

## निर्णय : बीसीसी के लिए पर्यावरण विभाग से एनओसी आवश्यक

# आईटी पार्क के लिए आईआईटी भिलाई को 25 साल के लिए छात्रावास लीज पर, मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

### महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

नगर निगम की महापौर परिषद बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अब से दुर्ग शहर के सभी 60 वार्डों में भवन पूर्णता प्रमाण पत्र से पहले अब जरूरी होगा कि पर्यावरण विभाग से एनओसी ली जाए। इंदिरा मार्केट में अवैध पार्किंग वसूली पर सख्ती के निर्देश दिए गए हैं। ठेकेदार को नोटिस जारी करने कहा गया है। सड़क निर्माण कार्यों की जांच टीम गठित की गई है।

गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा गया है। पर्यावरण एवं सौंदर्याकरण से जुड़े कई प्रस्ताव पारित किए गए हैं। उद्यानों व प्रतिमाओं का नवीनीकरण होगा। एमआईसी बैठक में विकास और पारदर्शिता के लिए अहम फैसले लिए गए हैं। इसके अलावा आईटी पार्क स्थापना हेतु महिला छात्रावास 25 साल की लीज पर आईआईटी भिलाई को देने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। नगर निगम दुर्ग की मेयर इन काउंसिल बैठक महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में मेयर कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य, उपायुक्त व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में कामकाजी महिला छात्रावास को आईआईटी भिलाई को 25 वर्ष की लीज पर आवंटित करने का निर्णय लिया गया। इसमें आईटी पार्क की स्थापना होगी, जिससे प्रदेश में आईटी, आईटीईएस कंपनियों को आकर्षित किया जा सकेगा। किराया दर 20 रुपए प्रति वर्गफुट तय की गई है, जो कुल मिलाकर लगभग 2.53 लाख प्रतिमाह होगी। हर 3 वर्ष में किराए में 10% वृद्धि होगी।




### बिल्डिंग परमिशन और बीसीसी के लिए जारी की गई गाइडलाइन

बैठक में बिल्डिंग परमिशन को लेकर नई गाइडलाइन तय की गई। भवन पूर्णता प्रमाण पत्र को लेकर अब सख्ती होगी। पर्यावरण विभाग से एनओसी जरूरी होगी। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि अब भवन पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने से पहले नगर निगम के पर्यावरण विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य होगा। इससे निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसी प्रकार इंदिरा मार्केट में अवैध पार्किंग पर रोक लगा दी गई है। ठेकेदार को नोटिस जारी करने प्रस्ताव पारित किया गया है। महापौर ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र की अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों से शुल्क केवल निगम की निर्धारित सीमा क्षेत्र में ही वसूला जाएगा।

### पार्किंग स्थल पर लगेगा बोर्ड, ज्यादा शुल्क वसूलने पर होगी कार्रवाई

बैठक में पार्किंग स्थल को लेकर अवैध वसूली की शिकायत पर महापौर ने पार्किंग स्थल पर बड़े-बड़े बोर्ड लगवाने की बात कही। वहीं, अवैध वसूली करने वाले ठेकेदार को नोटिस भी जारी कर दिया गया है। सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच होगी। गंजपारा से शिवनाथ नदी महमरा मार्ग और गौरवपथ से जेल चौक तक चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की जांच के लिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पर्यावरण एवं सौंदर्याकरण से जुड़े कई प्रस्ताव पारित किए गए। एमआईसी बैठक में पर्यावरण और सौंदर्याकरण से जुड़े अनेक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। लोककला पथ और वहां की कलाकृतियों का रंग-रोहन एवं सौंदर्यीकरण। रेलवे स्टेशन व तहसील कार्यालय के सामने कलाकृतियों का सौंदर्यीकरण। निगम क्षेत्र में उद्यानों के रख-रखाव हेतु 20 कर्मचारियों की नियुक्ति। वार्ड 20, 53, 54, 55 और 56 में उद्यानों व मुक्तिधाम क्षेत्र की सफाई और वृक्षारोपण। निगम क्षेत्र में स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण और रंग-रोहन।

# आरसीएस में गरबा कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- तीन सौ से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

जिला शिक्षण समिति द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाएं सेठ आर सीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय, सेठ रतनचंद सुराना विधि महाविद्यालय, सेठ बद्रीलाल शिक्षा महाविद्यालय एवं दाऊ ररू प्रसाद राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 27 सितंबर को महाविद्यालय परिसर में गरबा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में रेविका बेदी निर्देश कमस्क किचन, सरिता पूर्व अध्यक्ष लायन्स क्लब, दिशा जैन इवेंट प्लानर एवं वर्षित तथा समस्त संस्थाओं के प्राचार्य क्रमशः डॉ. पूजा मल्होत्रा, अखिलेश अग्रवाल एंव डॉ. उमा कांति सिंह द्वारा मां अम्बे के समक्ष दीप प्रज्वलित एंव अराधना कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति की मुख्य धारा से जोड़ना है।

जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए कहा कि नवरात्रि के दौरान किया जाने वाला गरबा का उद्देश्य मां दुर्गा की अराधना से है इसे सिर्फ मनोरंजन के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। इस आयोजन में सभी संस्थाओं के प्राध्यापक एंव लगभग तीन सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

छात्रों में बेस्ट ड्रेस के लिए प्रथम रानू श्रीवास्तव, द्वितीय सुमीत कुलदीप, तृतीय हरमन सिंह एवं सांत्वना पुरस्कार त्रिभुवन को दिया गया। छात्राओं में प्रथम स्थान नेहा सोनकर, द्वितीय सोनू, तृतीय गीतिका एवं सांत्वना पुरस्कार रेशमा साहू को मिला। छात्र-छात्राओं में बेस्ट डांस के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिपीका, वेदांत, क्रिश, राजेश्वरी, मयंक, आभास दुबे, यशवर्धन एवं खुशी को प्राप्त हुआ। जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी एवं सदस्य वीरेन्द्र शुक्ला द्वारा प्रतिभा एवं समीर को नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. रानी शुक्ला एवं पवन दीप कौर के निर्देशन में आयोजित हुआ।

# 29 हितग्राहियों को मिली सरस्वती साइकिल एक घंटा श्रमदान करने का लिया संकल्प



भिलाई/जामुल। बासीन में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण एवं स्वछता पखवाड़ा समारोह का आयोजन जामुल के शासकीय हाई स्कूल बासीन किया गया। योजना के तहत 29 हितग्राही छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। सरपंच चित्ररेखा साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष राम कुमार बंछोर एवं सांसद प्रतिनिधि नूतन बंछोर के आतिथ्य में साइकिल वितरित किया गया।

- हाईस्कूल बासीन में विद्यार्थियों को किया जागरुक

इस अवसर पर पालकगण के अलावा बडी संख्या में ग्रामीण जन तथा वरिष्ठ शिक्षक कौशल प्रसाद देशमुख एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

शासकीय हाई स्कूल बासीन प्राचार्या सरिता सिंह ने सभी छात्राओं को बधाई दी। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बासीन में स्वछता पखवाड़ा भी मनाया गया। जिसके तहत बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शाला विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा सामुहिक रुप से विद्यालय के आस पास एवं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई किया। बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता पखवाड़ा तक कम से कम एक घंटा श्रम दान करने की शपथ ली।

### शहरी पथ विक्रेताओं को मिलेगा लोन, निर्णय

दुर्ग। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर डाटा सेन्टर सेन्टर लाईब्रेरी में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें शहरी पथ विक्रेताओं को पीएम स्व-निधि योजना के तहत बैंक के माध्यम से प्रथम लोन की राशि रू. 15,000 रुपए द्वितीय 25,000 एवं द्वितीय लोन की राशि बैंक में पूरी जमा करने पर 30,000 रुपए लिमिट का क्रेडिट कार्ड तथा तृतीय लोन में राशि रू. 50,000/- दिया जा रहा है। ब्याज अनुदान 7% तक दिया जा रहा है।

# खुर्सीपार के सेवा पंडाल में पहुंचे पूर्व गृहमंत्री पैकरा

भिलाई। प्रदेश का सबसे बड़े सेवा पंडाल में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा पहुंचे। इससे पहले उन्होंने विराजित माता प्रतिमा का दर्शन किया। नवरात्र पर्व पर खुर्सीपार स्थित बोल बम सेवा समिति की ओर से इस बार प्रदेश का सबसे बड़ा सेवा पंडाल बनाया गया है। नगर निगम भिलाई के उपनेता प्रतिपक्ष एवं समिति के संस्थापक दया सिंह की पहल पर स्थापित इस पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान की गई है। बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, सीएमएचओ मनोज दानी माता रानी के दरबार पहुंचे। उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम की सभा में शामिल होकर महाप्रसाद का भी आनंद लिया। जय माता दी पंडाल में विशेष रूप से उन भक्तों के लिए सुविधा की गई है जो पैदल यात्रा कर मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ के दर्शन करने जाते हैं। यहां भोजन, ठहरने और अन्य आवश्यक प्रबंध उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।



मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

# स्वदेशी जागरण कार्यक्रम का आयोजन

दुर्ग। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वदेशी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन की अवधारणा 150 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, वीर सावरकर, अरविन्दो और महात्मा गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह आंदोलन चलाया गया था। जिसका उद्देश्य था आर्थिक निर्भरता पर जोर देना व विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना। स्वदेशी जागरण से देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाया जा सकता है। डॉ रेशमा लाकेश ने कहा कि स्वदेशी जागरण एक ऐसा महोत्सव है जो स्टार्टअप हस्तकला उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए किया गया प्रयास है।



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर बैंकर्स की बैठक

# बोरी क्षेत्र में 45 गांवों के लिए सिर्फ एक ग्रामीण बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा बैठक में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

- बीमा क्लेम को लेकर भी की गई समीक्षा

बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर बैठक हुई। डीएलसीसी की बैठक में जिले के बैंकर्स को निर्देश दिए गए कि व्यवस्था में सुधारने कहा गया। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे भी मौजूद थे। जिला स्तरीय त्रैमासिक बैंकर्स समीक्षा बैठक कलेक्टर सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी जिला स्तरीय बैंक कार्डिनेटर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों को बैंकिंग सुविधाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि बोरी क्षेत्र में 45 ग्रामों में केवल छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की एकमात्र शाखा कार्यरत है। इस विषय पर विचार करते हुए नये बैंक शाखाएं खोलने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। सीईओ श्री दुबे ने बैंकर्स से आग्रह किया कि बैंको की साख जमा अनुपात को बढ़ाने के लिए शासकीय योजनाओं के तहत ऋण वितरण को प्राथमिकता दी जाए।



### लंबित प्रकरण के त्वरित निराकरण पर दिया गया जोर

बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर जोर दिया गया। जेवरा सिरसा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के बैंक कार्डिनेटर को अनुसूचित जनजाति वर्ग के एक लंबित प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार केनरा बैंक पुरई में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 10 लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। वेटनरी विभाग से जुड़े कुल 24 ऋण प्रकरण बैंकों में लंबित पाए गए, जिनके निराकरण के लिए एक सप्ताह की समय-सीमा तय की गई। आवास योजनाओं के अंतर्गत 348 हितग्राहियों का आधार और बैंक एनपीसीआई सीडिंग कार्य लंबित है, जिसे पूरा कर पहली किस्त की राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिये गये।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
गालब्लेडर एवं गालब्लेडर की पथरी का लेप्रोस्कोपिक विधि व्दारा सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड, सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 28 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04

रीक्रिएट कर सकती हैं ये व्हाइट साड़ी लुक्स

## लाइव इवेंट


भिलाई। ऊं साईं धाम दुर्गोत्सव समिति कैंप 2 भिलाई।


भिलाई। श्याम नगर नेहरू चौक भिलाई सार्वजनिक युवा उत्सव समिति 27वां वर्ष।


भिलाई। रायपुर नाका

● हरिभूमि और आईएनएच का दो दिवसीय गरबा उत्सव का हुआ समापन

# रास गरबा के ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने जीते आकर्षक उपहार पूर्व स्पीकर पांडेय ने कहा-आयोजन संस्कृति को जोड़ने वाला

**भिलाई। दैनिक हरिभूमि और आईएनएच द्वारा आयोजित दो दिवसीय डांडिया रास गरबा महोत्सव सीजन-10 का शुक्रवार की देर रात भक्तिमय व उल्लासपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। समापन अवसर पर प्रतिभागियों के अलावा काफी संख्या में गरबा खेलने वालों की ज्यादा भीड़ उमड़ी। गरबा खेलने लोग पारंपरिक गुजराती और छत्तीसगढ़ वेशभूषा में शामिल हुए। सभी ने गुजराजी वेशभूषा में गरबा और डांडिया खेलकर मातारानी को प्रसन्न करने का प्रयास किया। हरिभूमि का यह आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस बार सीजन 10 का आयोजन 25 और 26 सितंबर को किया गया था। जहां ग्रैंड फिनाले के दोनो दिन प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर एलईडी टीवी, साउंड सिस्टम, मिक्सर ग्राइंडर सहित अनेक आकर्षक इनाम जीते। प्रतिभागियों में पुष्पाराज 2 के गेटअप, माता के कई रुप में गरबा की प्रस्तुति दी।**

भिलाई। सेक्टर-8 स्थित स्टील क्लब में आयोजित गरबा के आयोजन के समापन समारोह में पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, सर्वसमाज कल्याण समिति अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू, स्पर्श हास्पीटल के डायरेक्टर डॉ संजय गोयल व शिंपी गोयल, टैब्स संजय गुप्ता, फायर सेफ्टी से रवि सोनी, बीएस फर्नीचर से रोहित लक्ष्मी केसरवानी, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू व पूर्णिमा राजू, बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति अध्यक्ष दया सिंह, कमला मेडिकल सुपेला संजय खंडेलवाल, आरके इंजीनियर्स डायरेक्टर अनामिका रमेश पटेल, निखलेश दावड़ा, एएसपी शहर सुखनंदन राठौर, रीता अरविंद वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। इस दौरान प्रेम प्रकाश पांडेय ने कहा कि हरिभूमि परिवार का यह आयोजन पूरी ट्विनसिटी को पसंद है। पूरे शहरवासियों को हर साल इस आयोजन का इंतजार रहता है। लगातार इस आयोजन की भव्यता बढ़ते जा रही है।

**विभिन्न कैटेगिरी में मिला पुरस्कार:** कार्यक्रम के दौरान निर्णायक की भूमिका में डॉ सरिता श्रीवास्तव ने ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों का चयन कर बेस्ट चौकड़ी, छकड़ी प्लेयर, बेस्ट गरबा मूव्स, बेस्ट डाकला प्लेयर, बेस्ट ग्रुप, बेस्ट गरबा कपल, हाई फीवर ऑफ गरबा सहित बच्चों को भी विभिन्न कैटेगरी में पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि पत्रकार संगीता मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में ट्रेनर्स नृत्यकला मंदिर से रानी नंदिनी, प्रियल, बिट्टू, सांई एरोबिक क्लासेस से संतोष काले, जॉन सन, हरिश, नवीन,, भीमा विकास, नीता मेश्राम, माया अधिकारी, कोकिला आशीष योना, हरिभूमि के ब्यूरो चीफ संदीप उपाध्याय, मार्केटिंग मैनेजर विजय मंडल, कौशिक, वरिष्ठ पत्रकार देवीलाल साहू व संगीता मिश्रा, फोटोग्राफर संजय पांडे, ऑफिस बॉय शशिकांत, राजू डोरा, पिंकी चौधरी सहित अन्य गणमान्य जनों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।























## सिटी इवेंट

### विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए तीन वर्षों का किया एमओयू



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय ने विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के समग्र शिक्षा के उद्देश्य को परिणित करने के लिए सिंपल भाषा के साथ तीन वर्षों का एम.ओ.यू. किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने बताया कि सिंपल भाषा एमएसएसई में पंजीकृत एक संस्था है जो विशेष रुप से छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती है। इन तीन वर्षों के दौरान महाविद्यालय सिंपल भाषा के साथ मिलकर छात्राओं के सम्प्रेषण कौशल, वैयक्तिक विकास, उद्यमीय कौशल, नेतृत्व क्षमता, पेशेवर एवं नैतिक मूल्य एवं संवैधानिक जागरूकता जैसे विषयों पर कार्यक्रम आयोजित करेगा। साथ ही सिंपल भाषा की ओर से छात्राओं को इंटर्नशिप भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ. भावना पांडेय, सिंपल भाषा के संस्थापक डॉ. प्रतीक शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. भारती वर्मा, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, निधि मोनिका शर्मा मौजूद रहे।

### गुजराती लोक नृत्य गरबा में झूमी उत्कल महिलाएं



**भिलाई।** ग्रीन सिटी भिलाई में उत्कल संस्कृतिक परिषद जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 के तत्वावधान में नवरात्र के अवसर पर कई आयोजन किये जा रहे है। रोज हो रहे सासंकृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में गरबा का आयोजन किया गया। रात 8 बजे पारंपरिक रीति रिवाज अनुसार माता दुर्गा की आरती और पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे की पुत्रवधू विनीता मनीष पांडे की उपस्थित रही। विनीता ने गरबा का शाब्दिक अर्थ बताते हुए कहा कि गरबा का अर्थ गर्भ दीप से है जो स्त्री की सृजन शक्ति का प्रतीक है। गरबा गुजरात का एक लोक नृत्य है आज मंदिर परिसर में सभी महिलाओं ने गुजराती वेशभूषा में आकर गरबा नृत्य का प्रदर्शन किया और माता की आरती की और कर्मा बाई की खिचड़ी का भोग लगाकर भोग का प्रसाद वितरण किया। उत्कल समाज की महिलाए गुजराती वेशभूषा में पारंपरिक लोक नृत्य कर माता की आराधना की। समाज के बच्चों सहित सभी आयु वर्ग की महिलाएं शामिल रही।

कॉर्नर न्यूज

### कॅरियर गाइडेंस सेल का अनोखा आयोजन, ताकि साक्षात्कार में न हो परेशानी

# माइनिंग इंस्पेक्टर के लिए साइंस कॉलेज में मॉक इंटरव्यू, अभ्यर्थियों से एक्सपट्र्स की तरह पूछे गए प्रश्न, बारीकियां भी बताई

दुर्ग। साइंस कॉलेज के कॅरियर गाईडेंस सेल ने अनुकरणीय पहल की। सेल ने माइनिंग इंस्पेक्टर के लिये आयोजित मॉक इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इसमें जीआईएस के डायरेक्टर ने भूगर्भशास्त्र विभाग से अध्ययन से जुड़ी जानकारी दी। बता दें कि कॉलेज के 14 विद्यार्थी का चयन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा आयोजित माइनिंग इंस्पेक्टर पद के लिये लिखित परीक्षा में हुआ है। इन विद्यार्थियों का साक्षात्कार आगामी अक्टूबर माह के द्वितीय सप्ताह में लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाना है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. अजय कुमार सिंह तथा कॅरियर गाईडेंस सेल की संयोजक डॉ. पद्मावती ने बताया कि इन परीक्षार्थियों को साक्षात्कार से संबंधित बारीकिंया समझाने तथा विषय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के रवीन्द्रनाथ टैगोर हॉल में मॉक इन्टरव्यू आयोजित किया गया। इसमें लिखित परीक्षा में चयनित सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मॉक इन्टरव्यू में महाविद्यालय के जियोलॉजी विभाग के भूतपूर्व छात्र एवं जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, रायपुर डिविजन के डायरेक्टर अमित सोनी ने भी उपस्थित होकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए।




### व्यक्तित्व विकास, माइनिंग और शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि मॉक इन्टरव्यू का आयोजन भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें उम्मीद्वारों से उनके व्यक्तित्व विकास, छत्तीसगढ़, माइनिंग, शासकीय योजनाएं तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आधारित प्रश्न विशेषज्ञों द्वारा पूछे गये। उम्मीद्वारों की कमी को इंगित किया गया। मॉक इन्टरव्यू में शामिल सभी उम्मीद्वारों ने इस आयोजन के लिये महाविद्यालय प्रबंधन तथा कॅरियर गाइडेंस सेल की प्रशंसा की। इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में भूगर्भशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा लोक सेवा आयोग की लिखित परीक्षा में चयनित होना गर्व का विषय है। डॉ. सिंह ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महाविद्यालय मॉक इन्टरव्यू आयोजित करेगा।

### विशेषज्ञों की मदद से अभ्यर्थियों को किया गया ट्रेंड

कॅरियर गाईडेंस सेल के सदस्य डॉ. सीमा पंजवानी एवं प्रोफेसर सुदेश साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि मॉक इन्टरव्यू में विषय विशेषज्ञ के रूप में जियोलॉजी एवं माइनिंग विभाग, रायपुर के जियोलॉजिस्ट मंदीप सिंह, अंकित वर्मा, जीआईएस के डायरेक्टर अमित सोनी, शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. अनुपमा अस्थाना, मोहला-मानपुर क्षेत्र के माइनिंग ऑफिसर श्री दीपक आनंद तथा डॉ. पद्मावती एवं डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव शामिल थे। उनके द्वारा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया। उन्हें बताया गया कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं।

सिटी इवेंट

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निकाली गई जागरुकता रैली



**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपक नगर में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष अनूप गटागट, हरीश बंटी चौहान, पंडित दीनदयल मंडल अध्यक्ष मनोज सोनी, पार्षद दीपक नगर, विजय जलकारे, ओमप्रकाश सोनी, गोलू सोनी, उमेश गोस्वामी, चंद्रशेखर शास्त्री, राजेश शुक्ला, हरीश साहू, मूलचंद साहू, कृष्ण कुमार शर्मा, प्राचार्य शेफाली सोनी एवं दीपक नगर स्कूल के स्टाफ उपस्थित थे।

■ बच्चों को कराया गया स्वल्पाहार

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मानव श्रृंखला, जागरूकता रैली, पौधारोपण, कचरा प्रबंधन में कचरे से कला जैसे डस्टर बनाना, पैरदान बनाना आदि कार्यक्रम का आयोजन शाला में किया गया। इस अवसर पर श्रमदान मे स्वच्छता शपथ ली गई और शाला प्रांगण को स्वच्छ किया गया। पश्चात मां दुर्गा की स्तुति कर सभी छात्र-छात्राओं द्वारा गरबा का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा एवं गरबा की प्रस्तुति की सराहना अध्यक्ष, पार्षद एवं उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों ने की। सभी की ओर से बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया तथा कचरा प्रबंधन एवं शाला परिसर के आसपास की उचित साफ-सफाई एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद ने आश्वासन दिया।

● बंगाली समाज द्वारा भिलाई-दुर्ग में 10 से ज्यादा जगहों पर बड़े आयोजन की तैयारी

# देवी बोधन के साथ बंगाली दुर्गोत्सव का आगाज 2 को सुबह 9:05 बजे से सिंदूर दान का मुहूर्त

**भिलाई।** देवी बोधन के साथ बंगाली दुर्गोत्सव का आगाज हो चुका है। शनिवार की शाम विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके साथ बंगाली समाज का नवरात्र आरंभ हो गया। भिलाई-दुर्ग के 10 से ज्यादा जगहों पर बड़े आयोजन की तैयारी है। रवींद्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको में आयोजन का 39वां वर्ष है। दुर्गा पूजा, लक्ष्मी पूजा एवं काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पं. निताई चांद चक्रवर्ती ने बताया कि पंचमी पूजा 27 सितंबर की शाम 7:30 बजे देवी बोधन के साथ आरंभ हुआ। छठी पूजा 28 सितंबर सुबह 8:25 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें पुष्पांजलि और संध्या आरती शामिल है। सप्तमी पूजा 29 सितंबर को सुबह 8:05 बजे नबपत्रिका प्रवेश के साथ शुरू होकर विभिन्न विधियों से संपन्न होगी। महा अष्टमी पूजा 30 सितंबर की सुबह 8:15 बजे होगी, इसके पश्चात भोग, बलिदान और संधि पूजा का संचालन किया जाएगा। महा नवमी पूजा 1 अक्टूबर को सुबह 8:20 बजे होगी, जिसमें भोग, हवन और संध्या आरती का आयोजन है। दशमी पूजा 2 अक्टूबर को सुबह 9:05 बजे शुरू होगी, जिसमें सिंदूर दान, प्रतिमा विसर्जन और स्नान जल की विधि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कोजागोरी लक्ष्मी पूजा 6 अक्टूबर, काली पूजा (दिवाली) 20 अक्टूबर, जगद्धात्री पूजा 30 अक्टूबर, कार्तिक पूजा 17 नवंबर तथा बसंता पंचमी 23 जनवरी 2026 को भी धूमधाम से मनाई जाएगी।



### आज से कार्यक्रमों की रहेगी धूम

हुडको में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम 28 सितम्बर से रहेगी। कालीबाड़ी ग्राउंड में रवींद्र निकेतन द्वारा सरबोजनिक दुर्गोत्सव 2025 का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जा रहा है। दुर्गोत्सव के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी खास तैयारियां की गई हैं, जिनमें स्थानीय और बाहरी कलाकारों की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। जनरल सेक्रेटरी रूपक दत्ता ने बताया कि 28 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इनमें संगीत, नृत्य और कविता-पाठ (अवृति) से लेकर बैंड परफॉरमेंस तक शामिल हैं। गीत, नृत्य और अवृति का आयोजन होगा। 29 सितम्बर (सप्तमी) को दुर्गातिनाशिनी ग्रुप का संगीतमय कार्यक्रम, 30 सितम्बर (अष्टमी) को भिलाई कलाकारों के बैंड के साथ संगीतमय रात्रि, 1 अक्टूबर (नवमी) को थ्री एमपी ग्रुप भिलाई द्वारा संगीतमय रात्रि कार्यक्रम शाम 7:30 बजे से रात 10 बजे तक दुर्गापूजा ग्राउंड, कालीबाड़ी, हुडको में होंगे।

### डांस, सिंगिंग और बांग्ला नाटकों का आयोजन

वैशाली नगर कालीबाड़ी में 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होगी। पहले दिन महाष्टमी 28 सितंबर को सुबह 8:30 बजे शष्टी पूजा से आरंभ होगा। इसके बाद 9:30 बजे पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और शाम 7:30 बजे देबीर आमंत्रण एवं अधिवास की विधि संपन्न होगी। दूसरे दिन महा सप्तमी 29 सितंबर को सुबह 8:30 बजे सप्तमी पूजा होगी। इसके बाद 11:45 बजे पुष्पांजलि और दोपहर 1 बजे महा भोज का आयोजन होगा। तीसरे दिन महा अष्टमी (30 सितंबर) के दिन पूजा कार्यक्रम सुबह 8 बजे महा अष्टमी पूजा से प्रारंभ होगा। इसके बाद 11 बजे पुष्पांजलि, 1:21 बजे संधि पूजा प्रारंभ, 1 बजे महा भोज, 1:45 बजे बलिदान और 2:09 बजे संधि पूजा समापन किया जाएगा। चौथे दिन महा नवमी 1 अक्टूबर को सुबह 7 बजे महा नवमी पूजा होगी, तत्पश्चात 8 बजे पुष्पांजलि एवं 1 बजे महा भोज आयोजित किया जाएगा। अंतिम दिन महा दशमी 2 अक्टूबर को सुबह 7 बजे महा दशमी पूजा से पूजा कार्यक्रम शुरू होगा। सुबह 8 बजे पुष्पांजलि और 11:45 बजे सिंदूर उत्सव का आयोजन होगा।

### हाउसिंग बोर्ड में 54वें वर्ष आयोजन की तैयारी

हाउसिंग बोर्ड कालिबाड़ी में दुर्गा पूजा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा। 54वें वर्ष परंपरागत रूप से श्री दुर्गा पूजा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। यह भव्य पर्व 28 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक संपन्न होगा। समिति द्वारा जारी आमंत्रण में सभी श्रद्धालुओं, परिवारजनों एवं ईष्ट मित्रों को सादर हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन भिलाई के कला प्रेमियों और श्रद्धालुओं के लिए उत्सव को और भी खास बनाने वाला है।वहीं इस शुभ अवसर पर राज्यपाल रमन डेका 28 सितंबर को मां दुर्गा की दर्शन के लिए हाऊसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में सुबह 6 बजे पहुंचेंगे। कालीबाड़ी दुर्गा पूजा समिति की अध्यक्ष डॉ. दीप चटर्जी, कालीबाड़ी सेवा एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष काजल चक्रवर्ती, महासचिव विद्युत चौधरी एवं महासचिव अनुप घोष ने बताया कि यह पर्व सामूहिक श्रद्धा और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। 28 सितंबर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 29 सितंबर को यूनान बैंड द्वारा अंकित तिवारी एवं शारदा नाथ की प्रस्तुति होगी, जो सुपर सिंगर कोलकाता के कलाकार हैं। 30 सितंबर को मंगलवार को महा अष्टमी के दिन सुधता कर, सोमेन गांगुली और अरिजीत मंडल अपनी मधुर प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहेंगे। 1 अक्टूबर को महा नवमी के अवसर पर जॉय भट्टाचार्य, पौलमी चटर्जी और पार्थ बनर्जी संगीत के रंग बिखेरेंगे।

धर्म लाइव

## जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मिलकर किया श्रमदान



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत स्वच्छोत्सव थीम पर नया बस स्टैंड परिसर में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, महापौर अलका बाघमार कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा सहित बड़ी संख्या में निगम अधिकारी-कर्मचारी, व्यापारी एवं नागरिकों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने मिलकर करीब एक घंटे तक झाड़ू लगाकर परिसर की साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय नया बस स्टैंड परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। नेताओं ने कहा कि उपाध्याय का अंत्योदय दर्शन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान का मार्ग दिखाता है और यही विचार हमें सेवा व स्वच्छता की दिशा में प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री, सांसद और महापौर ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना केवल सरकार या निगम का कार्य नहीं है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को यह भी संकल्प कराया गया कि वे अपने घर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में स्वच्छता श्रमदान में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, महापौर श्रीमती अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल,पार्षद विद्यावती सिंह, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, दिनेश नेताम, आर.के. जैन, गिरीश दीवान,संजय ठाकुर,धर्मेंद्र मिश्रा सहित पार्षदगण, व्यापारी वर्ग और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

सांस्कृतिक भवन कसारीडीह में आयोजन

## कायस्थ सभा ने मनाया तीन दिवसीय गरबा नृत्य महोत्सव





**दुर्ग।** कायस्थ सभा दुर्ग एवं महिला विंग के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय रास गरबा नृत्य महोत्सव श्री चित्रगुप्त मंदिर एवं सांस्कृतिक भवन कसारीडीह में 23, 24 एवं 25 सितंबर को हुआ। प्रतिदिन मां जगदम्बा की पूजा पश्चात गरबा नृत्य प्रारंभ कर, सामूहिक आरतीप्रतिदिन भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 सितंबर को कार्यक्रम का समापन पूर्व सभी जूनियर और सीनियर प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सभी का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर वर्ग में कौस्तुभी श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, इशिता श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव, वंशिका श्रीवास्तव, अदिति श्रीवास्तव, शिवन्या श्रीवास्तव, अक्षिता वर्मा, नयन श्री श्रीवास्तव, अनन्या वर्मा द्वारा गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया था। इसी प्रकार सीनियर वर्ग प्रतिभागियों में श्रद्धा श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, भावना वर्मा, अराधना खरे, मनीषा श्रीवास्तव, रश्मि सुधीर श्रीवास्तव, रश्मि आलोक श्रीवास्तव, रूचि सक्सेना, श्वेता प्रधान सक्सेना, निर्मला श्रीवास्तव आदि ने गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया।कायस्थ सभा दुर्ग एवं महिला विंग द्वारा पहले चार दिवसीय प्रशिक्षण एवं तीन दिवसीय गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम डॉ सरिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं सुप्रिया वर्मा द्वारा नृत्य प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम संचालन डॉ प्रशांत श्रीवास्तव एवं सचिव सुमित श्रीवास्तव द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन राजेश कुमार, महावीर प्रसाद श्रीवास्तव अध्यक्ष कायस्थ सभा दुर्ग द्वारा किया गया।

रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में किया सम्मानित

## वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम का किया गया सम्मान



**भिलाई।** हेल्पेज इंडिया के छत्तीसगढ़ राज्य इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आनंद वाचनालय सभागार रायपुर में आयोजित समारोह में भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन का सम्मान किया गया।

■ अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें वरिष्ठजन

उन्हें यह सम्मान वरिष्ठ जनों के कल्याण हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति जवाहर सुरिसेट्टी थे। छत्तीसगढ़ शासन के सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक सुशील द्विवेदी, भारत सरकार के युवा मामलों के उपसंचालक ए. तिवारी, एमजीएम आई हास्पिटल के सीईओ डॉ. अनूप एवं भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन विशेष अतिथि थे। हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभांकर बिस्वास ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की थीम एडवांटेज 60 की जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि यह दिवस वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को रेखांकित करने एवं उन्हें सम्मान देने के लिए विश्वभर में आयोजित किया जाता है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति जवाहर सुरिसेट्टी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपने अनुभवों का लाभ युवाओं एवं बच्चों को देकर उनका मार्गदर्शन करें और बढ़ते जनरेशन गैप को कम करें। उन्होंने देने का सुख को सर्वोपरि बताया।

छत्तीसगढ़ शासन के सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक सुशील द्विवेदी ने कहा कि वरिष्ठ जन अपने को हमेशा सक्रिय बनाए रखें और शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहें। युवा मामलों के उपसंचालक ए. तिवारी एमजीएम आई हास्पिटल के सीईओ डॉ. अनूप ने भी विचार व्यक्त किए।

समाज इवेंट

## जिला अस्पताल में बुजुर्ग महिलाओं की होगी निःशुल्क जांच



**दुर्ग।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए 29 सितंबर को जिला अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं की सभी प्रकार की जांच की जाएगी। इसमें हड्डियों की जांच प्रमुख है। इसके अलावा बीपी, शुगर की भी जांच की जाएगी। सभी बुजुर्ग महिलाओं के लिए पंजीयन आवश्यक होगा। डॉ. अर्चना चौहान ने बताया कि हड्डियों में खनिज और कैल्शियम की मात्रा का परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा अन्य प्रकार की गाइनिक जांच की जाएगी।

अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई में सत्संग का आयोजन, समापन आज

## जीवन से जुड़ा हर कार्य सुख और दुख में निहित, मन की शांति ही है मोक्ष का मार्ग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अखिल भारतीय रामाश्रम आंतरिक सत्संग का आयोजन भिलाई नगर में विगत 26 से 28 सितंबर तक अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित है जिसमें रामाश्रम सत्संग मथुरा से संबंधित अनुभवी आचार्य गण सत्संग में पधारे हैं यहां आंतरिक सत्संग साधना, ध्यान साधना विधिपूर्वक कराई जाती है। मनुष्य जीवन में चाहता क्या है लक्ष्य क्या है सुख, शांति, आनंद, सत्संग से जीवन आनंदमय होता है। मनुष्य जीवन का लक्ष्य क्या है तो हम बोलेंगे सुख, शांति, आनंद चाहते हैं अपने जीवन में जो भी करतें हैं पढ़ाई-लिखाई, व्यापार, नौकरी सुख प्राप्त करने के लिए करते हैं पर हर सुख के साथ दुख भी जुड़ा हुआ है जैसे दिन के साथ रात उसी सुख - दुख के झुले में झूलते रहते हैं। अब हम क्या करें हमारे जीवन का लक्ष्य क्या होना चाहिए हमारा जीवन सुख और दुख के ऊपर ऊठ जाये हमारे जीवन में शांति आ जाये रामाश्रम सत्संग सुख और दुख से ऊपर उठाता है घर गृहस्थी की खटपट में जीवन को सुखमय बनाता है कुछ हमारे जीवन में आर्थिक मानसिक परेशानियों से हमारा जीवन उथल-पुथल मचा देता है हम मन की विचारों से संसार में व्यवहार करने लग जाते हैं।



### हमारे अंदर अहंकार का साम्राज्य

हमारे अंदर शरीर में मन बुद्धि चित अंहकार का साम्राज्य है।हमारा मन संसार की गतिविधियों में रमा रहता है। जो कुछ चित से विचार उत्पन्न होता है मन उसे सहर्ष स्वीकार कर चित के साथ करने ना करने अनाचार गलत व्यवहार करने लग जाता है। मनुष्य जीवन का लक्ष्य श्रेष्ठ है मनुष्य को मनुष्यता बनाने का काम रामाश्रम सत्संग सिखाती है यदि आप अंधकार में काम करोगे तो ठोकर लगेगा।



### हमें तीन प्रकार की प्रकाश की जरूरत

संतों ने बताया की हमे तीन प्रकार की प्रकाश की जरूरत है पहला ज्ञान की प्रकाश दुसरा बुद्धि का प्रकाश तीसरा है प्रेम का प्रकाश यदि तीनों प्रकार की प्रकाश हमें मिल जाये तो जीवन में दुख ही ना आये। हम अपने अंधकारमय जीवन को प्रकाश मय बना सकतें हैं।विवेक विचार की जागृति के बिना हम अंधकार में भटक रहे हैं। बिन सत्संग विवेक ना होई, राम कृपा बिनु सुलभ ना सोई रामाश्रम सत्संग अध्यात्मिक विद्या का पाठशाला हैं जिसके सभी आचार्य गण आंतरिक सत्संग का गुण रहस्य को साधक गणों को गृहस्थ में रहकर सरल साधना बताएं। आंतरिक सत्संग प्रेम की साधना है भक्त के हृदय में प्रेम का बीज डाल देता है प्रेम चाहे भौतिक हो या आध्यात्मिक हो प्रेम की बीज बोकर आश्रय की सलाह देते हैं आंसुओं से सींचकर उसे प्रेम की आंनद में विभोर कर देते हैं। रामाश्रम सत्संग भौतिक जगत में प्रेम का संचार समर्पण कराकर साधक को भवसागर से पार कराकर अंतिम लक्ष्य की प्राप्ति करा देता है आध्यात्मिक सत्संग के संयोजक कुंज बिहारी सिंह,रुद्र प्रताप सिंह, शिवनाथ शर्मा टूंडला, प्रदीप शर्मा ग्वालियर, टूंडला , डी के गौर अलीगढ़, राजेंद्र गुप्ता अहमदाबाद ,के के श्रीवास्तव रांची ,धीरज कुमार सागर ,राजेश सिंह झारसुगुड़ा ,देवा साहू राजनांदगांव , गजेन्द्र ठाकरे छुई खदान , विभूति सिंन्हा अंबिकापुर सैकड़ों सत्संगी परिवार इस आध्यात्मिक सत्संग का लाभ ले रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### तोमन कुमार को तीरंदाजी में गोल्ड



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर निवासी तीरंदाज टोमन कुमार ने दक्षिण कोरिया में गोल्ड और ब्रांज मेडल लेकर समूचे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। भारतीय तीरंदाजी संघ और छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ ने इसे ऐतिहासिक अवसर बताया है। तीरंदाजी संघ के कैलाश मुरारका ने कहा 20 दिन पहले चेक गणराज्य में जिस तीरंदाज से कांस्य पदक की फाइट में तोमन कुमार का चौथा स्थान रहा उसी तीरंदाज को साउथ कोरिया में टक्कर देकर तोमन ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। वहीं दूसरा मैडल मिक्स टीम में जम्मू कश्मीर की तीरंदाज शीतल कुमारी ने हासिल किया है। उनकी दोनों बांह नहीं है। उनके साथ तोमन ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया है। कैलाश मुरारका ने बताया कि ओलंपिक एसोशिएशन की बैठक में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में तोमन कुमार को मेडल मिलने की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई।

### महिला क्रिकेट मं बंगाल और तमिलनाडू ने जीते अपने-अपने मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ कप 2025 तृतीय संस्करण - सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामिंट 21 सिंतबर से जारी है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल, झारखंड तथा विदर्भ की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को हुए दो अलग-अलग मैचों में बंगाल तथा तामिलनाडु ने अपने-अपने मैच जीत लिए। सुबह पहले मैच में छत्तीसगढ के विरुद्ध बंगाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मैदान गीला होने की वजह से मैच 16 ओवरों का खेला गया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 16 ओवरों में 6 विकेट खोकर केवल 83 रन बनाये। छत्तीसगढ की की ओर से महक नरवसे ने सर्वाधिक 21 रन बनाये। उनके अतिरिक्त शिवी पांडे ने 20 रन तथा प्रीति यादव ने 19 रनों की पारी खेली। बंगाल की ओर से तितास साधु ने 2 विकेट प्राप्त किये। 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल वुमेंस की टीम ने 13.2 ओवरों में 1 विकेट खोकर 84 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। बंगाल की ओर से प्रतिवा ने 47 रनों की नाबाद मैच जीताउ पारी खेली। उनके अतिरिकत मीता पॉल ने नाबाद 22 रनों का योगदान दिया। वही छत्तीसगढ की ओर से महक नरवसे ने 1 विकेट प्राप्त किये। प्रतिवा प्लेयर ऑप द मैच बनीं। बंगाल ने 9 विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में तमिलनाडु के विरुद्ध मध्य प्रदेश वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये में निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर केवल 81 रनों का स्कोर बनाया। मध्य प्रदेश की ओर से सौम्या तिवारी ने 25 रन, राहिला तथा प्रियंका कौशल ने 11-11 रनों योगदान दिया।

तमिलनाडु की ओर से कीर्तना ने 3 विकेट तथा अक्षरा श्रिनिवासन ने 2 विकेट प्राप्त किये। 82 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु वुमेंस की टीम ने 18.4 ओवरों में 4 विकेट खोकर 85 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिसा। तमिलनाडु की ओर से इलाक्सि अरुण ने शानदार 36 रन नाबाद तथा अनुषा ने नाबाद 17 रनों योगदान दिया। वही मध्य प्रदेश की ओर से अनुष्का शर्मा ने 2 विकेट प्राप्त किये। कीर्तना ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। तमिलनाडु ने 6 विकेट से यह मैच जीत लिया।

### सॉफ्ट टेनिस में रायपुर संभाग को स्वर्ण पदक



**रायपुर।** राज्य स्तरीय शालेय सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चौबे कालोनी रायपुर के टेनिस कोर्ट में आयोजित हुई। जिसमें रायपुर, दुर्ग, सरगुजा और बिलासपुर संभाग के बीच लीग मैच करवाया गया। जिसमें रायपुर संभाग की बालिका टीम ने दुर्ग बिलासपुर और सरगुजा की टीम को एक तरफा मुकाबले में हरा कर स्वर्ण पदक जीता। बिलासपुर संभाग की बालिकाओ ने तीनो समूहों ने सिल्वर मैडल जीते। वहीं सरगुजा की बालिकाओं ने कांस्य पदक हासिल किया। बालक वर्ग में बिलासपुर ने तीनों समूहों में जीत कर स्वर्ण पदक और रायपुर बालक ने 14वर्ष और 19 वर्ष में सिल्वर मेडल हासिल किया। दुर्ग संभाग ने 17 वर्ष बालक में सिल्वर मेडल प्राप्त किये 14 वर्ष और 17 वर्ष सरगुजा संभाग ने कांस्य पदक और 19 वर्ष बालक में दुर्ग संभाग ने कांस्य पदक प्राप्त किए।

---

### अपने लिवर की जांच जरूर कराएं, बढ़ रही है युवाओं में भी दिक्कत

# अक्सर बनी रहने वाली थकान इशारा है आपके फैटी लिवर का, हो जाइए सचेत

लिवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, पेट और आंतों से निकलने वाला सारा रक्त लिवर से होकर गुजरता है और लिवर इस रक्त का ब्रेक डाउन करके उसे संतुलित करता है और पोषक तत्वों का निर्माण करता है। पाचन के लिए भी लिवर का स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण लिवर से संबंधित कई समस्याओं का जोखिम बढ़ रहा है, फैटी लिवर की समस्या उनमें से एक है। फैटी लीवर, लिवर में वसा की मात्रा बढ़ने की स्थिति है। अधिकांश लोगों में इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं हालांकि अगर इसका निदान और उपचार न किया जाए तो ये गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है। फैटी लिवर की समस्या में कई बार ऐसे लक्षण होते हैं जिन्हें इग्नोर कर दिया जाता है, क्या अक्सर थकान बने रहना भी इसका एक संकेत हो सकती है? आइए फैटी लिवर के ऐसी ही कुछ अप्रत्याशित लक्षणों के बारे में जानते हैं।



#### क्या आपको भी अक्सर रहती है थकान की दिक्कत?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) लिवर की समस्या जरूर है पर इसके कई लक्षण काफी अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। थकान होना, एनएएफएलडी वाले व्यक्तियों में काफी सामान्य लक्षण है। माना जाता है कि इस रोग में न्यूरोट्रांसमिशन में कुछ परिवर्तन होते हैं जिसके कारण आपमें थकान की समस्या हो सकती है। हालांकि थकान के साथ आपको इसके दूसरे लक्षणों पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है।

#### पेट में दर्द बने रहना



फैटी लिवर वाले रोगियों में पेट के ऊपरी-दाहिने हिस्से में असुविधा या हल्का दर्द का अनुभव होता है। पेट दर्द के वैसे तो कई कारण हो सकते हैं पर अगर ये समस्या थकान, पेशाब के रंग में बदलाव के साथ हो रही है तो आपको अलर्ट हो जाने की आवश्यकता होती है। फैटी लिवर रोग में लिवर की कार्यक्षमता कम हो सकती है इसके कारण पेट में दर्द की समस्या होना काफी सामान्य हो सकता है।

#### पेशाब के रंग पर दें ध्यान


फैटी लिवर रोग में अन्य लक्षणों के साथ आपको पेशाब के रंग में बदलाव की भी समस्या हो सकती है। कुछ लोगों को इस रोग के कारण गहरे रंग के पेशाब की समस्या हो सकती है। आप पेशाब के साथ मल के रंग में भी परिवर्तन का अनुभव कर सकते हैं। असल में लिवर की इस समस्या में बिलीरुबिन के स्तर में वृद्धि हो जाती है जिसके कारण आपको गहरे पीले रंग का पेशाब हो सकता है।



#### वजन में परिवर्तन

फैटी लिवर के कारण आपका वजन घट या बढ़ सकता है। यह समस्या मेटाबॉलिज्म प्रक्रियाओं को बाधित कर देती है, जिससे वजन में परिवर्तन होने लगता है। यदि आप बिना किसी कारण के वजन में बदलाव महसूस कर रहे हैं, साथ ही अक्सर थकान-कमजोरी या पेट में दर्द का अनुभव कर रहे हैं तो आपको फैटी लिवर का खतरा हो सकता है जिसको लेकर अलर्ट हो जाने की आवश्यकता है।

---




## माइग्रेन रोगियों में अधिक होता है स्ट्रोक का खतरा

स्ट्रोक का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता जा रहा है। कुछ दशकों पहले तक इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या के तौर पर जाना जाता था, हालांकि अब युवा आबादी भी इसकी शिकार होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक हर साल डेढ़ करोड़ से अधिक लोग स्ट्रोक के शिकार हो रहे हैं और करीब 50 लाख लोगों की मौत हो जाती है। आंकड़ों के मुताबिक 45 वर्ष से कम उम्र के लगभग 70,000 अमेरिकियों को स्ट्रोक होता है। लगभग 10 से 15 प्रतिशत वयस्कों में समय के साथ ये जोखिम बढ़ रहा है। स्ट्रोक को लेकर बड़ा सवाल ये है कि युवा इसके शिकार क्यों हो रहे हैं और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

#### दो प्रकार के होते हैं स्ट्रोक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, स्ट्रोक दो प्रकार के होते हैः इस्केमिक और हेमोरेजिक। सबसे अधिक मामले इस्केमिक स्ट्रोक के रिपोर्ट किए जाते हैं जो मस्तिष्क तक जाने वाली धमनी में रक्त के थक्कों के निर्माण के परिणामस्वरूप होती है। वहीं हेमोरेजिक स्ट्रोक, तब होता है जब मस्तिष्क में या उसके पास रक्त वाहिका फट जाती है।

हमारे जीवनशैली की कई गड़बड़ आदतों के कारण रक्त वाहिकाएं अवरुद्ध हो सकती हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।



#### युवाओं में स्ट्रोक के कारण

युवा वयस्कों में स्ट्रोक के बढ़ते खतरे के लिए जिन जोखिम कारकों को प्रमुख माना जा रहा है उनमें गड़बड़ लाइफस्टाइल, धूम्रपान-शराब का सेवन, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या है। जिन लोगों के परिवार में किसी को स्ट्रोक हो चुका है उनमें भी इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं जैसे माइग्रेन और हार्ट की बीमारी वाले लोगों में भी स्ट्रोक होने का खतरा अधिक हो सकता है।

#### माइग्रेन रोगियों को बरतनी चाहिए सावधानी

अध्ययनकर्ता कहते हैं, यह प्रमाणित नहीं होता है कि माइग्रेन की समस्या सीधे तौर पर स्ट्रोक का कारण बनती है, हालांकि अगर आपको माइग्रेन है तो आपको स्ट्रोक का खतरा थोड़ा अधिक हो सकता है। स्ट्रोक और माइग्रेन दोनों मस्तिष्क की ही समस्याएं हैं और कभी-कभी माइग्रेन के लक्षण स्ट्रोक की तरह ही हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, माइग्रेन से पीड़ित व्यक्ति जो धूम्रपान भी करते हैं उन्हें स्ट्रोक का जोखिम अधिक होता है।

#### हार्ट की समस्या है तो भी रहें अलर्ट

जिन लोगों को हृदय की समस्या है या जिनको जन्मजात ये परेशानी रहती है, उनमें भी स्ट्रोक होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। रक्त के थक्के हृदय और मस्तिष्क दोनों रक्त वाहिकाओं के लिए समस्या बढ़ाने वाले हो सकते हैं और इससे हार्ट अटैक का भी खतरा रहता है।



---

## पराठा खाकर बढ़ेगा नहीं बल्कि कम होगा वजन, इन टिप्स को करें फॉलो



जब भी हम वजन घटाने की कोशिश करते हैं, तो लोग हमें कई राय देते हैं। वेट लॉस के लिए क्या खाना चाहिए और क्या खाना छोड़ देना चाहिए, इस बारे में आपको बेशक बहुत जानकारी मिल जाएंगी लेकिन किसी भी जानकारी या टिप पर गौर करने से पहले आपको एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए। अक्सर वेट लॉस के लिए लोग घर के बने पराठों को पूरी तरह छोड़ देते हैं और फैंसी डाइट को फॉलो करने में लग जाते हैं। उनका ऐसा मानना होता है कि पराठा खाने से वजन बढ़ता है लेकिन क्या वाकई ऐसा है? क्या वाकई पराठा खाने से आपका वजन बढ़ सकता है, इस बार में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट सिमरन कौर दे रही हैं।

#### वजन कम करने के लिए ऐसे खाएं पराठा

एक्सपर्ट की मानें तो वजन घटाने के लिए पराठे को छोड़ना सही नहीं है। अगर आप इसे सही तरीके से बनाकर, सही मात्रा में सही समय पर खाती हैं, तो इससे वजन नहीं बढ़ेगा। पराठा बनाने के लिए अगर आप खूब सारे तेल का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे बेशक वजन बढ़ सकता है। इसलिए पराठा रिफाइंड ऑयल में नहीं, बल्कि देसी घी या फिर रीजनल ऑयल में बनाएं और इसे भी अधिक मात्रा में न लगाएं। पराठे में आलू की स्टफिंग भरने के बजाय पनीर, टोफू और गोभी जैसी हेल्दी स्टफिंग ट्राई करें। इससे शरीर को प्रोटीन भी मिलेगा और वजन भी नहीं बढ़ेगा। पराठे को हमेशा लंच या ब्रेकफास्ट में खाएं। डिनर में पराठा अवॉइड करें क्योंकि इसमें रोटी से ज्यादा कैलोरी होती हैं। पराठे के साथ चटनी या फिर दही खाएं। इससे मील बैलेंस होता है।

#### वेट लॉस करने के लिए एक्सपर्ट की सलाह

एक्सपर्ट के मुताबिकस वेट लॉस के लिए सिर्फ पराठा नहीं, बल्कि आप घर का बना कोई और खाना भी खा सकते हैं। घर के बने खाने से आमतौर पर वजन नहीं बढ़ता है। वेट गेन के पीछे पूरा कैलोरी इनटेक, लाइफस्टाइल और भी कई सारे फैक्टर होते हैं। ऐसे में बैलेंस मील लेने की कोशिश करें और लाइफस्टाइल को भी हेल्दी बनाएं।

---

## पाना चाहते हैं मनचाहा जीवनसाथी, तो करें ये उपाय



देवों के देव महादेव को बहुत दयालु माना जाता है। कहा जाता है कि शिवलिंग पर सिर्फ एक लोटा जल चढ़ाने से ही महादेव प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्तों की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। शिव जी को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए सोमवार का दिन सबसे उत्तम माना जाता है। इस दिन शिव भक्त व्रत रखते हैं और विधि-विधान से पूजा करते हैं। कुंवारी लड़कियां भी मनचाहा जीवनसाथी पाने के लिए सोमवार के दिन व्रत रखती हैं। ज्योतिष शास्त्र में शिव जी से जुड़े ऐसे कई उपाय बताए गए हैं, जिससे न केवल मनचाहा जीवनसाथी मिलता है बल्कि हर मनोकामना भी पूरी होती है।

#### शिवलिंग पर चढ़ाएं केसर मिश्रित दूध

यदि आपके विवाह में देरी हो रही है तो सोमवार के दिन शिवलिंग पर केसर मिश्रित जल चढ़ाएं। इससे शिव जी प्रसन्न होते हैं और जल्द ही शुभ शादी के योग बनने लगते हैं।

#### मनचाहा जीवनसाथी पाने के लिए उपाय

यदि आप मनचाहा जीवन साथी पाना चाहते हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस में शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग को सोमवार के दिन पढ़ें। साथ ही शिव जी से अच्छे जीवन साथी की कामना करें। ऐसा करने से शिव जी प्रसन्न होकर जल्द आपकी मनोकामना पूरी करंगे।

#### शिवलिंग का करें रुद्राभिषेक

सोमवार के दिन शिव जी के मंदिर में जाकर पांच फलों के रस से शिवलिंग का अभिषेक करें। मान्यता है कि इससे न केवल जल्द विवाह के योग बनते हैं, बल्कि आपके ऊपर आने वाले संकट भी आपसे दूर हो जाते हैं।

---

**कार्नर न्यूज**

### दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य शालेय खेलकूद प्रतियोगिता जारी

# टेबल टेनिस में दुर्ग संभाग ओवर ऑल चैम्पियन, बिलासपुर दूसरे स्थान पर

**भिलाई।** दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में टेबल टेनिस के अंडर 19 बालिका एवं अंडर-19 बालक वर्ग के मुकाबले शनिवार को शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में हुए।

जिसमें अंडर-19 बालिका वर्ग में दुर्ग ने रायपुर को 3-0 से, बिलासपुर ने बस्तर को 3-1 से, रायपुर ने बिलासपुर को 3-0 से और बिलासपुर ने सरगुजा को 3-0 से पराजित किया। इस प्रकार अंडर-19 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर दुर्ग, द्वितीय स्थान पर रायपुर और तीसरे स्थान पर बिलासपुर की टीम रही। अंडर-19 बालक वर्ग के परिणाम में बिलासपुर ने बस्तर को 3-0 से, दुर्ग ने रायपुर को 3-1 से, बस्तर ने सरगुजा को 3-0 से और बिलासपुर ने दुर्ग को 3-0 से पराजित किया। इस प्रकार अंडर-19 बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर बिलासपुर, दूसरे स्थान पर बस्तर एवं तीसरे स्थान पर दुर्ग की टीम रही। इन मैचो के अंपायर पीएस हरीश, फाल्गुनी, प्रज्ञा पाठक,सौरभ, अनुग्रह चौधरी एवं अमन यादव थे। इन मैचो के दौरान शकीला देवदास, जी के वर्मा, मंजूषा लाल और ऋतु रेकी उपस्थित थे। टेबल टेनिस के तीनों वर्गों के मैचो के ऑफिशल्स जेपी देव, सुबोध कुमार सिंह , अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस अंपायर विनोद देवघरे , रंजीता दास ,रवि राज ,कुमारी काजल ,शिव शंकर साहू एवं सुशील मिश्रा थे। इन टीमों के कोच एवं मैनेजर गीतांजलि पाठक, शर्मिष्ठा साहा ,सौरभ, प्रमोद एवं मनीष है। इस प्रकार टेबल टेनिस गेम में 21 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बनी दुर्ग संभाग की टीम, 19 अंकों के साथ बिलासपुर दूसरे स्थान पर ,12 अंकों के साथ बस्तर तीसरे स्थान आठ अंकों के साथ रायपुर चौथे स्थान पर एवं बिना किसी अंक के ( शून्य अंक) अंतिम स्थान पर सरगुजा संभाग की टीम रही।



### नेटबॉल और लॉन टेनिस में हुए रोमांचक मुकाबले

स्कूल राज्य नेटबॉल टूर्नामेंट भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में हुई। अंडर-17 बालिका में दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर व सरगुजा ने अपने-अपने मैच जीते। इसी तरह लॉन टेनिस के मुकाबले सिविक सेंटर में हुए। जिसमें 14 वर्ष बालक में प्रथम नूर सागर पटेल रायपुर, द्वितीय तेजेश देवांगन रायपुर, तृतीय योगेंद्र मेश्राम बिलासपुर, चतुर्थ राज चंद्राकर दुर्ग, पंचम वंशदीप सिंह बस्तर, 14 वर्ष बालिका में प्रथम केसर बया रायपुर, द्वितीय बुलबुल सोनी रायपुर, पुष्पांजलि रायपुर तृतीय, कनिका मंडल दुर्ग चतुर्थ, ऋतिका लकड़ा सरगुजा पंचम, स्टैंड बाय प्राची गढ़पायले दुर्ग रहे। 17 वर्ष बालक में एस प्रेम सागर रायपुर प्रथम, आदित्य विश्वकर्मा बस्तर द्वितीय, यश कुमार साहू रायपुर तृतीय, मोहित तिवारी दुर्ग चतुर्थ, केशव कुमार साहू रायपुर पंचम और स्टैंड बाई ओम प्रकाश साहू रायपुर रहे। 17 वर्ष बालिका में राधिका पांडे रायपुर प्रथम, जी प्रियांशी रेड्डी रायपुर द्वितीय,गीतांजलि ढीमर रायपुर तृतीय, प्रेरणा सोनकर दुर्ग चतुर्थ,दीक्षा सोनकर पंचम, स्टैंड बाय प्राची बाजपेयी शामिल हैं। 19 वर्ष बालक में एम सुरेश राव रायपुर प्रथम, दीपेश वर्मा बिलासपुर द्वितीय, नवीन यादव रायपुर, सुशांत तिर्की सरगुजा चतुर्थ, गौतम साहू रायपुर पंचम, 19 वर्ष बालिका में नंदिनी साहू रायपुर प्रथम, दिव्या साहू रायपुर द्वितीय, संतोषी यादव सरगुजा तृतीय, टिकेश्वरी साहू रायपुर चतुर्थ, कंचन दुर्ग पंचम और स्टैंड बाय समीक्षा साहू रहे।


#### आज समापन

25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 भिलाई-दुर्ग का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 28 सितंबर रविवार को आयोजित है। मौसम खुला रहने की स्थिति में कार्यक्रम भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के मैदान में होगा और बारिश की स्थिति मे एसएनजी विद्यालय सेक्टर 4 भिलाई समय में दोपहर 12 बजे से होगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कोल्डप्ले कॉन्सर्ट मामले में बड़ा खुलासा, एक्स एचआर का पति भी था इवेंट में मौजूद



कुछ महीने पहले कोल्डप्ले के कॉन्सर्ट में एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट की तस्वीर सामने आने के बाद काफी हंगामा मचा था। अब इतने वक्त के बाद इस मामले में एक नई जानकारी निकलकर सामने आई है। इसके मुताबिक, एचआर एक्जीक्यूटिव क्रिस्टिन कैबोट के पति भी उस वक्त कहीं और नहीं बल्कि कोल्डप्ले के उसी कॉन्सर्ट में मौजूद थे। वो भी अपनी गर्लफ्रैंड के साथ।

जब एंडी बायरन और क्रिस्टिन कैबोट का वीडियो सामने आया था, तो कहा गया था इस घटना के समय क्रिस्टिन के पति जापान में थे। लेकिन अब एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि क्रिस्टन के पति उस समय जापान में नहीं, बल्कि उसी कॉन्सर्ट में थे। वो भी अपनी किसी महिला मित्र के साथ। एक सूत्र ने पीपल को बताया कि दरअसल वो कोल्डप्ले के उसी कॉन्सर्ट में थे जहां क्रिस्टिन थीं। द इंडिपेंडेंट के अनुसार, यह भी पता चला है कि क्रिस्टिन और उनके पति एंड्रयू कैबोट कई हफ्तों से अलग रह रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, वे कई हफ्तों से अलग रह रहे थे। सब कुछ सौहार्दपूर्ण था। क्रिस्टिन काम के लोगों के साथ बॉक्स में थी। हालांकि वह कंपनी का बॉक्स नहीं था और एंड्रयू भी वहां एक महिला के साथ डेट पर ही थे, जो अब उनकी गर्लफ्रेंड है। क्रिस्टिन कॉन्सर्ट के दौरान एंडी बायरन की बाहों में दिखाई दीं थीं, लेकिन असली किस्सा तब शुरू हुआ जब कैमरा उनकी तरफ घूमा और वह जल्दी से नजरों से ओझल हो गईं।

### टॉलीवुड

## 'इडली कढ़ाई' फिल्म का ट्रेलर देख फैंस बोले- ऑस्कर लेवल की है परफॉर्मेंस



धनुष अपनी नई फिल्म 'इडली कढ़ाई' के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। एक्टर की फिल्म का ट्रेलर शनिवार को रिलीज कर दिया गया और तब से ही सोशल मीडिया पर फैंस उनकी तारीफ में लगे हुए हैं। धनुष की फिल्म 'इडली कढ़ाई' का ट्रेलर शनिवार शाम को रिलीज किया गया था, जो फैंस को बहुत पसंद आया था। कहानी धनुष के किरदार मुरुगन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके पिता इडली शैक चलाते हैं। जबकि मुरुगन होटल प्रबंधन में कदम रखता है और अश्विन के साथ काम करता है। घर पर तनाव बढ़ जाता है क्योंकि उनके पिता को बिजनेस चलाने के पारंपरिक तरीकों की याद आती है। जब मुरुगन को धोखा मिलता है, तो उसे न केवल अपने पिता की इडली की दुकान के लिए लड़ना होगा, बल्कि विरासत को भी बचाना होगा। फिल्म में निथ्या मेनन और शालिनी पांडे लीड रोल्स में हैं। दो मिनट के ट्रेलर की शुरुआत धनुष के किरदार मुरुगन से होती है, जो अपने पिता से इडली बनाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक इडली ग्राइंडर खरीदने का अनुरोध करता है। जहाँ एक ओर धनुष कुशलता चाहता है, वहीं उसके पिता, जो इडली बनाने के पारंपरिक तरीकों में गहराई से डूबे हुए हैं, इस बात को लेकर संशय में हैं कि क्या स्वाद में कोई बदलाव आएगा। परिवार की इडली की दुकान, या ₹इडली कढ़ाई₹, स्थानीय निवासियों के बीच एक प्रिय स्थान के रूप में दिखाई गई है।

ट्रेलर से पता चलता है कि मुरुगन घर का बिजनेस छोड़कर होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने के लिए अश्विन (अरुण विजय) के पास काम कर रहा है। हालांकि मुरुगन की भागीदारी से मुनाफा बढ़ता है, लेकिन उसके जाने से उसके पिता के साथ तनाव पैदा हो जाता है।

### भोजपुरी

## 'हिटलर सासु माँ' में दर्शकों के लिए पारिवारिक कहानी, ट्रेलर आ रहा पसंद



सुजीत सिंह प्रोडक्शन के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म ₹हिटलर सासु माँ₹ का ट्रेलर सुजय म्यूजिक वर्ल्ड यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। ट्रेलर पूर्ण रूप से पारिवारिक और मनोरंजन है। जिससे फिल्म के बारे में भी लगभग अनुमान लगाया जा सकता है। ट्रेलर में फैमिली ड्रामा, कॉमेडी, रोमांस देखने को मिला। दर्शकों द्वारा ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है और व्यूज भी अच्छे मिल रहे हैं। इस फिल्म में मुख्य कलाकार अंजना सिंह, सुजीत सिंह, संजीव मिश्रा, नम्रता सिंह, वीणा पांडेय, रोहित सिंह मटरू, विभा सिंह, गुलशन पांडेय, संतोष मेहरा, दिव्या द्विवेदी, संजय सिंह, किरण सिंह एवं अन्य हैं। फिल्म का निर्देशन संजीत कुमार के द्वारा किया गया है। जबकि इस फिल्म का लेखन कृष्णा झा ने किया है। फिल्म के संगीतकार साहिल खान, गीतकार राजेश मिश्रा, डीओपी साहिल जे अंसारी, सहायक निर्देशक अनु सिंह, प्रिंस कुमार एवं अनुज सिंह, कोरियोग्राफर जीतू राजपाल, प्रोडक्शन मैनेजर राजकुमार खरगवाल, आर्ट डायरेक्टर अजय मंडल, एक्शन डायरेक्टर अली हुसैन, मैक अप आर्टिस्ट सुनील दास, कॉस्ट्यूम डिजाइनर बादशाह खान है। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद म्यूजिक वीडियो भी रिलीज किया जाएगा। वही जल्दी ही पूरी फिल्म भी रिलीज होगी। दर्शकों द्वारा ट्रेलर को लेकर मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया से फिल्म की पूरी टीम में खुशी की लहर है और विशेष कर सुजीत सिंह प्रोडक्शन द्वारा दर्शकों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

## लाइफ स्टाइल



यूथ का ट्रेंड

आज का यूथ, जिसमें बड़ी तादाद जेन जेड की है, को फैशन का ट्रेंड स्थापित करने में वक्त नहीं लगता है। हालांकि दक्षिण एशियाई यूथ की बात करें तो किसी भी ट्रेंड को लेकर बजट उनके फैसलों को प्रभावित करता है। कैज़ुअल कपड़ों से लेकर फ़ॉर्मल, शादी के कपड़ों से लेकर इनरवियर तक सब कुछ टिकाऊपन के आधार पर ही यूथ तय करता है। आज यूथ का ट्रेंड रिसाइकिल ड्रेस भी हो गई है।

## उंगलियां हैं छोटी तो मेहंदी के ये डिज़ाइन करें ट्राई

हर छोटे-बड़े फंक्शन पर हाथों पर मेहंदी लगाई जाती है। इसे हाथों पर लगाना बेहद शुभ माना जाता है। वहीं हाथों पर किसी भी प्रकार की मेहंदी लगाने से पहले आपको हाथों के आकार को समझना बेहद जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार बनाया गया डिजाइन आपके हाथों पर खूबसूरत लुक नहीं दे पाता है।

खासकर हाथों की छोटी उंगलियां छोटी होने पर हमें डिजाइन चुनने में परेशानी होती है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं मेहंदी के कुछ डिजाइन ज खासकर हाथों की छोटी उंगलियों के लिए खास हैं।

मिनिमल और मॉडर्न लुक वाली मेहंदी का डिजाइन हाथों में बनाना चाहती हैं तो इस तरह से केवल रिंग फिंगर में आप बारीकी से डिजाइन को बना सकती हैं। इस तरह का डिजाइन खासकर छोटे हाथों पर खूबसूरत नजर आता है। आप चाहे तो एक से ज्यादा उंगलियों पर भी इस तरह से मेह्नी को लगा सकती हैं।

अगर आप खुद मेहंदी लगाना अच्छे तरीके से जानते हैं तो इस तरह की तस्वीर आप अपने हाथों पर बना सकती हैं। इस तरह के डिजाइन में खासकर हल्के हाथों के दबाव से शेडिंग की जाती है। साथ ही इस तरह की मेहंदी को लगाने के लिए आपको काफी बारीकी से डिजाइन को समझना बेहद जरूरी होता है। अगर आप मिनिमल डिजाइन की मेहंदी हाथों की उंगलियों पर लगाना चाहती हैं तो इस तरह का रिंग मेहंदी डिजाइन आपके हाथों पर बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस तरह के डिजाइन को बनाने के लिए आप बारीक साज वाली रिंग मेहंदी के पैटर्न को ही चुनें।

वहीं अगर आप मॉडर्न डिजाइन वाली मेहंदी को करवाचौथ के लिए हाथों लगाने का सोच रही हैं तो इस तरीके से हाथों की हर उंगली के



साइड पर इस तरह से छोटे साइज की पत्तियां बना सकती हैं। आप चाहे तो पत्तियों के साथ-साथ छोटे साइज के फूल भी हाथों पर बना सकती हैं।

## रीक्रिएट कर सकती हैं ये व्हाइट साड़ी लुक्स



साड़ी को स्टाइल करने के लिए आपको केवल लेटेस्ट फैशन ट्रेंड ही नहीं, बल्कि इसके कलर कॉम्बिनेशन का भी खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप सेलेब्स के लुक्स देखें। साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहता है और इसे स्टाइलिश लुक देने के कई तरीके भी होते हैं। वहीं बदलते दौर में आजकल किसी भी लुक को खास बनाने के लिए इसकी स्टाइलिंग काफी सोच-समझकर करनी चाहिए ताकि आप तैयार होने के बाद खूबसूरत नजर आए। आजकल सेलिब्रिटीज व्हाइट कलर की साड़ी लुक्स को काफी पसंद कर रहे हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं व्हाइट कलर के साड़ी के कुछ खास सेलिब्रिटीज लुक्स जिन्हें आप भी कर सकती हैं आसानी से रीक्रिएट। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।





### व्हाइट साटन साड़ी डिजाइन

साटन साड़ी ग्लैमरस लुक देने में मदद करती है। इस तरह की साड़ी प्लेन साड़ी में आप सिल्वर कलर की बॉर्डर की तरह लेस भी लगवा सकती हैं। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया है।

### हैंडलूम व्हाइट साड़ी

ट्रेडिशनल वाइब देती यह साड़ी डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई है। गोल्डन कलर के बॉर्डर वर्क और पेस्टल कलर कॉम्बिनेशन के डिजाइन वाली यह साड़ी आपके लुक को खास बनाने में मदद करेगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप शैम्पेन गोल्डन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही मेकअप के लिए ग्लिटरी और सटल आई मेकअप चुनें।

## रूटीन में शामिल करें खुबानी का तेल, है बड़े काम का



स्किन केयर रूटीन में तेल का इस्तेमाल करना बेहद आम है। अमूमन हम कई तरह के तेलों को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाते हैं। लेकिन अगर आप एक लाइट ऑयल की मदद से अपनी स्किन की देखभाल करना चाहती हैं तो ऐसे में खुबानी के तेल को इस्तेमाल किया जा सकता है। सबसे पहले अपना चेहरा धो लो। अब अपने खुबानी के तेल की 2-3 बूंदों को स्किन पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इसे रात भर के लिए छोड़ दें। आप हर दिन इसे रात को सोने से पहले लगाएं। स्किन की केयर करने के लिए बाजार से फेस सीरम लाने की जरूरत नहीं है। आप खुबानी के तेल को बतौर फेस सीरम अप्लाई करें। फेस सीरम बनाने के लिए सबसे पहले खुबानी का तेल व लैवेंडर ऑयल मिक्स करें। अब इसे अपनी स्किन प्रॉब्लम्स जैसे फाइन लाइन्स, अनइवन स्किन टोन आदि को दूर करने के लिए फेस पर लगाएं। हल्के हाथों से स्किन की मसाज करें। अपनी स्किन को पैम्पर करने के लिए आप खुबानी के तेल की मदद से फेस मास्क बना सकती हैं।

## डेड स्किन का उपचार करनें अपनाएं मेडिफेशियल

मेडी फेशियल में एडवांस लेजर, लाइट डिवाइस, एक्सफोलिएशन तकनीक और वॉटर जेट का प्रयोग किया जाता है। इससे डेड स्किन सेल्स आसानी से साफ होते हैं और चेहरे पर चमक आती है। खास बात यह कि मेडी फेशियल को विशेषज्ञ की निगरानी में किया जाता है और त्वचा की समस्या को देखकर उसके मुताबिक इसमें उपचार पद्धति अपनाई जाती है। बेहतर स्किन केयर के साथ इसको अपनाया जाए तो इस के बेहतर नतीजे हासिल होते हैं।



### आम फेशियल से कितना अलग

सैलून के सामान्य फेशियल में आमतौर पर स्टीम और ब्लीच का प्रयोग किया जाता है। ऐसे में त्वचा को हानि पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इससे स्किन बैरियर भी डैमेज हो सकते हैं, साथ ही जिन क्रीम से स्किन की मसाज की जाती है, वे भी पोर्स के ब्लॉक होने का कारण बन सकती हैं। सैलून फेशियल कुछ समय तक ही टिक पाता है।

### साइड इफेक्ट नहीं

मेडी फेशियल में स्टीम और ब्लीच जैसी हार्ड क्रीम का उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि ऐसी तकनीक प्रयोग में लाई जाती है, जो त्वचा के लिए किसी भी रूप में हानिकारक न हो। यह स्किन टोन और टेक्सचर को इंप्रूव करने में मदद करता है और तुरंत ब्राइट स्किन देता है। इससे एक्ने, फाइन लाइंस और पिगमेंटेशन जैसी समस्याएं भी दूर की जाती हैं, साथ ही त्वचा संबंधी स्थायी समस्याओं को भी दूर किया जा सकता है।

### उपचार पद्धति

मेडी फेशियल में लेजर फेशियल भी शामिल है, जो काफी एडवांस तकनीक है। स्टेम सेल फेशियल भी मेडी फेशियल का ही हिस्सा है। यह फेशियल फाइन लाइंस और झुर्रियों से बचने के लिए किया जाता है, जिससे त्वचा अधिक साफ हो जाती है।

### कार्नर न्यूज

### पुरुषों को भी किसी प्रोफेशनल से ही करवानी चाहिए वैक्सिंग

## कम दर्द और आसान प्रोसेस के लिए पुरुषों को भी वैक्सिंग टिप्स जानना बेहद जरूरी

सबसे पहले तो ये बात याद रखिए कि अपने शरीर से बालों को हटाने के नए तरीके तलाशना कोई अपराध नहीं है। अगर आप चाहते हैं कि वैक्सिंग के समय आपको दर्द कम हो और प्रोसेस आसान हो, तो किसी प्रोफेशनल से वैक्स कराना सुनिश्चित करें।

वैक्स करवाने से पहले अपनी स्किन को इसके लिए तैयार करें और यह पुरुषों और महिलाओं दोनों पर लागू होता है। आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने से आपकी स्किन की सतह से डेड स्किन सेल्स और अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा मुलायम और चिकनी हो जाती है।

आप जिस पार्ट में वैक्स कराना चाहते हैं, उस पार्ट को एक्सफोलिएट करने के लिए आप बाजार से खरीदे गए या नैचुरल स्क्रब का उपयोग कर सकते हैं। वैक्सिंग सेशन से कम से कम दो दिन पहले यह काम सुनिश्चित कर लें। यह आपकी त्वचा को कुछ घंटों के लिए थोड़ा संवेदनशील बना सकता है। लूफैण का उपयोग करने से भी स्किन को वैक्सिंग के लिए



तैयार करने में मदद मिल सकती है।

यदि आपकी स्किन बेहद संवेदनशील है, तो बालों को हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे अच्छा तरीका नहीं है। वैक्सिंग शरीर के बालों को हटाने का एक रफ तरीका हो सकता है, इसलिए अगर आपकी स्किन संवेदनशील है, तो दो बार सोचें।

रिएक्टिव स्किन पर वैक्सिंग करवाने से आपकी त्वचा पर लाल धब्बे या अन्य लक्षण हो सकते हैं। वैक्स करवाने का निर्णय लेने से पहले आप अपने स्किन एक्सपर्ट से बात कर सकते हैं।

आइस या कोल्ड पैक वैक्सिंग के दौरान दर्द को कम कर सकते हैं। वैक्सिंग के दौरान बर्फ, स्ट्रिपिंग से पहले आपकी स्किन को ठंडा और सूथिंग करने में मदद करती है। यह आपकी त्वचा पर लाल चकतों, खुजली और जलन को रोकने में भी मदद करेगा। एलोवेरा जेल भी इस काम को पूरा कर सकता है।

हम सब जानते हैं कि हेयर कलर करने से पहले उसके परिणामों को देखने या किसी भी रिएक्शन से बचने के लिए कलर को बालों के एक पैच पर लगाया जाता है। इसी तरह, आप अपनी स्किन पर वैक्सिंग का परीक्षण भी कर सकते हैं। सही वैक्स चुनें और देखें कि आपकी स्किन इस पर कैसी प्रतिक्रिया होती है। फुल बॉडी वैक्स करवाने से पहले, अपनी त्वचा के एक छोटे से हिस्से पर टेस्ट करें। अगर कोई एलर्जी है, तो बालों को हटाने के इस तरीके से बचें और दूसरा विकल्प चुनें।

अपनी बॉडी पर किसी भी प्रकार का वैक्स का उपयोग न करें। एक हाई क्वालिटी वाला वैक्स चुनें। वैक्स के कई अलग-अलग प्रकार होते हैं।

